रांची, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026
संवत 2083, वैशाख शुक्ल 7 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 219, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक




4 ▸▸ सभ्यता का आईना हैं पुस्तकें

चिन्नास्वामी में पाटीदार के सामने गिल, आज शाम 7:30 बजे से आरसीबी-गुजरात में होगी भिड़ंत 6

# मालवाहक वाहन ने स्कूटी में मारी टक्कर, तीन की मौत, पांच गंभीर

## मचा कोहराम, रोड जाम



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लोहरदगाः** नेशनल हाईवे-39 (कुडू- रांची मुख्य पथ) पर कुडू थाना क्षेत्र के ढुलुवाखुंटा के पास हुए एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में स्कूटी और मालवाहक वाहन की जोरदार टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए हैं। इनमें एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मालवाहक 407 वाहन, जिसमें सरकारी शराब लदी हुई थी, रांची की ओर से कुडू की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कुडू से रांची जा रही स्कूटी को उसने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

**इलाज के दौरान महिला की भी मौतः** हादसे में घायल महिला को गंभीर हालत में लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस तरह इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और एनएच 39 पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद हाईवे से जाम हटाया गया।

**5 लोग घायल, अस्पताल में इलाज जारीः** इस हादसे में कुल 5 लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इनमें एक महिला की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। इस दुर्घटना में कुल तीन वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं- शराब लदा मालवाहक वाहन, स्कूटी और एक कार। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।



### अज्ञात शव बरामद

**रांचीः** कांके थाना क्षेत्र में जुमार नदी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले की जांच जारी है।

## पेयजल घोटाले के अभियुक्त के साथ हुई मारपीट की होगी सीबीआई जांच



**रांचीः** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें पेयजल घोटाले के एक आरोपी के साथ कथित मारपीट के मामले की जांच सीबीआई से कराने के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब मामले की जांच सीबीआई द्वारा ही किए जाने का रास्ता साफ हो गया है।

बताया जाता है कि राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें पेयजल घोटाले से जुड़े आरोपी के साथ हुई मारपीट के आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई जांच का निर्देश दिया गया था। राज्य सरकार ने इस आदेश को चुनौती देते हुए इसे रद्द करने की मांग की थी।

इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायाधीश एम.एम. सुंदरेश और न्यायाधीश एन. कोटेश्वर सिंह शामिल थे, के समक्ष हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार की याचिका को खारिज कर दिया और उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। गौरतलब है कि इससे पहले इस मामले की सुनवाई 13 अप्रैल को निर्धारित की गई थी, लेकिन राज्य सरकार के अनुरोध पर इसे स्थगित कर दिया गया था। बाद में सुनवाई पूरी होने पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराना आवश्यक है, ताकि निष्पक्षता बनी रहे।

इस फैसले को न्यायिक पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की दिशा में अहम माना जा रहा है। अब सीबीआई इस पूरे मामले की जांच कर तथ्यों को सामने लाएगी, जिससे पेयजल घोटाले और उससे जुड़े मारपीट के आरोपों की सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी।

### पश्चिम बंगाल चुनावः अमित शाह का बड़ा दावा

# पहले चरण की 150 में से 110 सीटें जीत रही बीजेपी

**कोलकाताः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों में से 110 सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा है कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत हासिल कर वह राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के बाद शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने सभी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ पहले चरण के चुनाव का आकलन किया है और उसमें मिले जानकारी के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बंगाल के लोगों ने अपना भविष्य पहले



चरण के चुनाव में ही तय कर लिया है।

उन्होंने दावा किया कि पार्टी राज्य में 16 जिलों की 152 सीटों पर हुए चुनाव में से 110 सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत के साथ भाजपा पांच मई को राज्य में सरकार बनाने जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास की राह को चुना है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदान के सभी पुराने रिकार्ड टूट गये हैं और यह मतदान राज्य में सत्ता में परिवर्तन के लिए भाजपा के पक्ष में हुआ है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इन आरोपों पर कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में बाहर का व्यक्ति मुख्यमंत्री बनेगा इस पर श्री शाह ने कहा, मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्म लेने वाला, बांग्ला माध्यम से पढ़ने वाला और बांग्ला बोलने वाला होगा लेकिन इतना जरूर है कि वह आपका भतीजा नहीं होगा बल्कि वह भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होगा।

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भाजपा पर तीखा वार, कहा-

# बंगाल जीतने के बाद दिल्ली पर कब्जा कर लूंगी

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर हमला किया। उन्होंने कहा कि मेरा जन्म बंगाल में हुआ है और मैं बंगाल में ही मरूंगी। बंगाल जीतने के बाद, मैं दिल्ली पर कब्जा कर लूंगी।

**भाजपा का विनाश चाहिएः** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा भाजपा के लिए काम करने वाले सभी लोगों के नाम सूचीबद्ध हैं। आपने भाजपा पृष्ठभूमि के आधार पर लोगों को लाया है और उसी के अनुसार अधिकारियों की नियुक्ति की है। याद रखिए, आप हमें हराने की क्षमता नहीं रखते। हम अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं, हम अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं। मेरा जन्म बंगाल में हुआ है और मैं बंगाल में ही मरूंगी। बंगाल जीतने के बाद, मैं दिल्ली पर कब्जा कर लूंगी। मुझे सत्ता नहीं चाहिए, मुझे दिल्ली में भाजपा का विनाश चाहिए, न केवल बंगाल में विनाश होगा, बल्कि भाजपा को दिल्ली से भी हटाना होगा।





## सीएम सम्राट ने विधानसभा में हासिल किया विश्वास मत, स्पीकर ने नई सरकार को दी बधाई

**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया है। विधानसभा पहुंचते के साथ ही उन्होंने विक्ट्री का साइन दिखाया था । साथ ही एनडीए के नेता पहले से ही आसानी से विश्वास मत हासिल कर लेने की संभावना जता रहे थे । ऐसे में आज विशेष सत्र के दौरान उन्हें एनडीए के विधायकों का समर्थन मिला । स्पीकर प्रेम कुमार ने नई सरकार को बधाई दी ।

**सीएम सम्राट बोले- 3सी से कभी कॉम्प्रोमाइज नहीं होगा :** सदन में सम्राट चौधरी ने कहा, बिहार में 20 सालों से एनडीए की सरकार है । इस सरकार ने महिलाओं की चिंता की, किसानों और सबसे ज्यादा सुशासन स्थापित किया । हमारे नीतीश कुमार चाहते हैं कि बिहार समृद्ध बने । जिस तरह से उन्होंने 3सी (करप्शन, क्राइम और कम्युनिज्म) से कॉम्प्रोमाइज नहीं किया, ठीक उसी तरह यह सरकार भी नहीं करेगी ।

तेजस्वी यादव को दिया करारा जवाबः तेजस्वी यादव को जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, सत्ता किसी की बपौती नहीं होती है । मैं यहां सब के आशीर्वाद से बैठा हूं. लालू जी ने मेरे परिवार के 22 सदस्यों को जेल में डाला था. लालू जी ने मिलर हाई स्कूल के ग्राउंड में क्षमा भी मांगा था कि हमसे गलती हुई । लालू जी को भी नीतीश कुमार ने ही मुख्यमंत्री बनाया था । ऐसे में कोई किसी की पाठशाला का नहीं होता है, ये लोकतंत्र है ।

### दमदम की रैली में टीएमसी पर जमकर बरसे पीएम मोदी, कहा-

# टीएमसी का दीया बुझने वाला,बुझता दीया फड़फड़ाता है

## महिला आरक्षण पर कहा- बीजेपी बेटियों के सपने नहीं कुचलने देगी



**कोलकाताः**पश्चिम बंगाल के दमदम में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी, कल पहले चरण के मतदान ने उस पर मुहर लगा दी है। पीएम मोदी ने कहा कि कल भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है।

तृणमूल के भय, भ्रष्टाचार से आजादी जरूरीः प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल का गौरव फिर से लौटाने के लिए, बंगाल को फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए तृणमूल कांग्रेस के भय, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट, पलायन, बेरोजगारी और बेकारी और घुसपैठियों, बेटियों पर अत्याचार से आजादी बहुत जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तगड़ा हमला करते हुए कहा बंगाल में टीएमसी ने लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था। पहले चरण के मतदान में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निमाण कर दिया है और दूसरे चरण में इस मंदिर पर विजय ध्वज फहराना है। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने से पहले फड़फड़ा रहा है। 4 मई को नतीजे आने के बाद टीएमसी के गुंडों को बंगाल में छुपने की जगह नहीं मिलेगी।

ये क्रांति की बेला है और वोट से ही क्रांति होगीः प्रधानमंत्री ने कहा, गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्र का आह्वान किया था- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा। ये बंगाल में नई क्रांति की बेला है और ये क्रांति वोट से होगी। मैं बंगाल की जनता से अपील करता हूं कि आप हमें वोट रूपी आशीर्वाद दीजिए, हम मिलकर बंगाल को अनेक कष्टों से आजादी दिलाएंगे। टीएमसी नारी विरोधी पार्टी है। बंगाल की नारी शक्ति 21वीं सदी में नई गाथा लिखने जा रही है और टीएमसी सरकार बदलकर रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा, बेटियों के सपने नहीं कुचलने देगी।

## पीएम मोदी ने किया हुगली नदी में भ्रमण, तट पर नाविकों और आम जनता से की मुलाकात

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कोलकाता में हुगली नदी के तट पर समय बिताया और मां गंगा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हर बंगाली के लिए गंगा का विशेष महत्व है और यह नदी बंगाल की आत्मा में बहती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, हर बंगाली के लिए गंगा का एक बहुत ही खास स्थान है। यह कहा जा सकता है कि गंगा बंगाल की आत्मा में बसती है। इसका पवित्र जल एक पूरी सभ्यता की शाश्वत भावना को अपने साथ समेटे हुए है। आज सुबह कोलकाता में मैंने हुगली नदी के तट पर कुछ समय बिताया। यह मां गंगा के प्रति आभार व्यक्त करने का एक अवसर था।

इस दौरान उन्होंने हुगली के किनारे नाविकों और सुबह टहलने वाले लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, मुझे नाव चलाने वालों से मिलने का भी अवसर मिला, जिनकी कड़ी मेहनत की प्रवृत्ति सराहनीय है। और सुबह सैर करने वालों से भी मुलाकात हुई। हुगली नदी के तट पर, मैंने पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली लोगों की समृद्धि के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

हुगली नदी के भ्रमण के दौरान पीएम मोदी हाथ में कैमरा थामे हुए थे। उन्होंने हुगली के तट से भी कुछ और शेयर कीं, जहां वे लोगों से मिलते हुए नजर आए। पीएम मोदी ने नदी के तट पर घूमने वाले लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने नदी की फोटोग्राफी करने का भी प्रयास किया और विद्यासागर सेतु व हावड़ा ब्रिज का करीब से नजारा देखा।

न्यूज IN ब्रीफ

## सहायक सचिव चुनाव के लिए आयोजित ग्राम सभा स्थगित

**सिल्ली :** गुरुवार को जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन के निदेर्शानुसार ग्राम हलमाद दुर्गा मंदिर प्रांगण में सहायक पंचायत सचिव के चुनाव को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया था. परन्तु ग्राम सभा में एक तिहाई से कम ग्रामीणों की उपस्थिति तथा पर्यवेक्षक की अनुपस्थिति के कारण सहायक सचिव के चुनाव के लिए आयोजित ग्राम सभा स्थगित किया गया.इसको लेकर ग्रामीण मानिक रजवार ने बताया की ग्राम सभा स्थगित की लिखित सुचना प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली को दे दिया गया है

## पोषण पखवाड़ा का जिला स्तरीय समापन समारोह संपन्न



**चतरा :** केंद्र सरकार द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा (9-23 अप्रैल 2026) के समापन अवसर पर गुरुवार को जिला समाज कल्याण विभाग, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन, चतरा में जिला स्तरीय समापन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपायुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार आयोजित हुआ।

समारोह में उपस्थित उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं जैसे हॉट कुक्ड मील, टेक होम राशन के समुचित उपयोग, बच्चों के नियमित स्वास्थ्य जांच एवं वृद्धि निगरानी पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वे बच्चों के पोषण एवं देखभाल के प्रति सजग रहें।जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने अपने संबोधन में कहा आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले प्रत्येक बच्चे को अपने बच्चे के समान स्नेह, सुरक्षा और समुचित देखभाल मिलनी चाहिए। जिस जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ हम अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं, उसी भावना के साथ समाज के हर बच्चे के प्रति हमारा दायित्व बनता है। यदि हम सभी मिलकर समर्पित भाव से कार्य करें, तो कुपोषण जैसी गंभीर समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।उन्होंने आगे कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल सेवाएं प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का आधार हैं। इसलिए आवश्यक है कि इन केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली सभी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्रत्येक लाभुक तक सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए पोषक क्षेत्रों में सघन जन-जागरूकता अभियान चलाते हुए समुदाय की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना होगा, ताकि कोई भी पात्र लाभुक इन सेवाओं से वंचित न रहे।कार्यक्रम के दौरान अन्नप्राशन, गोद भराई, स्वास्थ्य जांच एवं वृद्धि निगरानी जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे लाभुकों को प्रत्यक्ष रूप से योजनाओं का लाभ मिला।इस अवसर पर सिविल सर्जन सत्येंद्र सिंहा,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती रेणु रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के जिला क्षेत्रीय प्रबंधक, सीडीपीओ प्रतापपुर एवं सिमरिया, समर कार्यक्रम के जिला क्षेत्रीय प्रबंधक सहित जिले की महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियां तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मॉडल स्कूल के नाइट गार्ड और सब्जी विक्रेता की बेटी बनी जिला टॉपर



**चतराः** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के हेडुम पंचायत अंतर्गत पोटम गांव स्थित काशी महुआ टोला की छात्रा निशा कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे इलाके को गर्व से भर दिया है। निशा कुमारी के पिता प्रमोद साहू प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल स्कूल में नाइट गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे सब्जियों का व्यवसाय कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके इस कार्य में उनकी पत्नी उर्मिला देवी बराबर की सहभागी रहीं हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद बेटी की शिक्षा में उन्होंने कोई कमी नहीं आने दी। निशा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने स्कूल के शिक्षकों शिक्षादीप कोचिंग सेंटर के संचालक संजीत कुमार मिश्रा और अपने माता-पिता समेत पूरे गांव को दे रहीं हैं। निशा की इस ऐतिहासिक सफलता से गांव, पंचायत और प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि निशा शुरू से ही मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी छात्रा रही हैं। नियमित पढ़ाई, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत के बल पर उसने यह मुकाम हासिल किया है। प्रधानाध्यापक ने कहा कि निशा कुमारी ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

पढ़ाई पूरी कर इंजीनियर बनना चाहती हैं निशाः निशा का सपना है कि वह आगे की पढ़ाई पूरी कर एक सफल साफ्टवेयर इंजीनियर बनें और देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि वे कड़ी मेहनत जारी रखेंगी और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। ग्रामीणों और शिक्षकों ने निशा की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राहुल दुबे गैंग के 4 अपराधी गिरफ्तार

### पेट्रोल छिड़ककर हाईवा में लगाई थी आग, हथियार व पर्चे बरामद

संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र में 13 माइल पुल के पास हाईवा वाहन में आगजनी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस मामले में कुख्यात राहुल दुबे गैंग के चार सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक ने देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि, 22 अप्रैल 2026 को गैंग के सदस्यों ने पेट्रोल छिड़ककर हाईवा वाहन में आग लगा दी थी और घटनास्थल पर एक हस्तलिखित पर्चा छोड़कर जिम्मेदारी ली थी। पर्चे में 'प्रकाश शुक्ला, मयंक सिंह, राहुल दुबे गैंग' लिखा मिला था, जिससे घटना की गंभीरता और बढ़ गई थी। मामले की जांच के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। 23 अप्रैल को गुप्त सूचना के आधार पर चंदौल गांव के हथिया पत्थर जंगल में छापेमारी कर



पुलिस ने चार संदिग्धों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में 21 वर्षीय मो. एजाज, 22 वर्षीय मो. अफताब, 24 वर्षीय मो. सलामत अंसारी और 22 वर्षीय तुषार सिन्हा शामिल हैं, जो सभी बड़कागांव थाना क्षेत्र के पुन्दौल गांव के निवासी हैं। तलाशी के दौरान इनके पास से 2 देशी पिस्टल (7.65 एमएम), 1 पिस्टल (9 एमएम), 11 जिंदा गोलियां, 9 हस्तलिखित पर्चे और 4 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे राहुल दुबे गैंग के लिए काम करते हैं और पहले भी उरीमारी थाना क्षेत्र में आगजनी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस के मुताबिक, 23 अप्रैल को भी एक और बड़ी वारदात की योजना थी, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया।

### डोमचांच में दबंगों का तांडव

## नशे में बाप-बेटे से लूटपाट और बेरहमी से पिटाई, दहशत

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** डोमचांच प्रखंड के घरबरियाबर गांव में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामले में गांव के ही दो युवक विशाल यादव और सत्या यादव ने शराब के नशे में धुत होकर बेहराडीह पुल के समीप एक गंभीर वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि दोनों ने गुरुवार की रात करीब आठ बजे प्रेम यादव और उनके बेटे संजन कुमार यादव को घेरकर पैसे, सोने की अंगूठी और चैन छीन ली तथा विरोध करने पर बाप. बेटे की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित पक्ष के अनुसार, हमला पूरी तरह सुनियोजित था और जान से मारने की नीयत से किया गया। संजन कुमार यादव ने डोमचांच थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन



में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने न केवल मारपीट की, बल्कि गाली- गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में गंभीर रूप से घायल प्रेम यादव की हालत बिगड़ने पर उन्हें कोडरमा सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन इलाके में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## अवैध अल्ट्रासाउंड व नर्सिंग होम पर सख्ती, सिविल सर्जन का कड़ा रुख

संवाददाता

**चतरा :** जिले में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों और बिना लाइसेंस चल रहे नर्सिंग होम के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। सिविल सर्जन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।सूत्रों के अनुसार, जिले में लगातार भ्रूण हत्या (लिंग चयन आधारित गर्भपात) से संबंधित शिकायतें मिल रही हैं, जो न केवल कानूनन अपराध है बल्कि सामाजिक रूप से भी गंभीर चिंता का विषय है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जांच और कार्रवाई तेज कर दी है। चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि इस अनैतिक कार्य में सदर अस्पताल से जुड़े कुछ स्वास्थ्य कर्मियों की संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है।



सिविल सर्जन ने ऐसे कर्मियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जांच में उनकी भूमिका पाई गई तो विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

सिविल सर्जन ने बिना पंजीकरण के नर्सिंग होम संचालित करने वालों को तत्काल अपना संचालन बंद करने या नियमों के तहत लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिले में जल्द ही विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों और नर्सिंग होम पर छापेमारी की जाएगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ह्लयह मानवता के खिलाफ अपराध है। इसमें संलिप्त लोगों को हर हाल में चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध अल्ट्रासाउंड या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि ऐसे कृत्यों पर रोक लगाई जा सके।

### पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा का आज से शुरू

## उपायुक्त ने लेम पंचायत में किया निरीक्षण व ग्राम सभा में लिया भाग

संवाददाता

**चतरा :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद के नेतृत्व में 24 अप्रैल से 11 मई 2026 तक संचालित होने वाले पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ आज चतरा प्रखंड अंतर्गत लेम पंचायत से किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन उपायुक्त श्री आनंद, उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा हरिनाथ महतो एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ लेम पंचायत पहुंचे, जहां उनकी उपस्थिति में प्राथमिकता आधारित योजनाओं के चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पेयजल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण तथा पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध आधारभूत संरचना के अनुरूप योजनाओं का चयन किया गया।कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त ने पंचायत के विभिन्न पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिलचिलाती धूप में लगभग एक किलोमीटर पैदल



चलकर लेम पंचायत के भुइंया टोला पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।रोस्टर के अनुसार कार्यक्रम के प्रथम दिन चतरा प्रखंड के लेम एवं जांगी, गिद्धौर के गिद्धौर, हंटरगंज के जोलडीहा एवं गेरुआ, प्रतापपुर के घोड़दौड़ एवं एघारा, कुंदा के कुंदा, लावालौंग के रिमी, सिमरिया के जीवार्खुर्द एवं जांगी, इटखोरी के कोनी एवं परसौनी, मयूरहंड के कदगांवां कला, कान्हाचट्टी के बैंगोकला तथा टंडवा के राहम एवं मिश्रौल पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही नगर परिषद, चतरा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 01 (नगर परिषद चतरा) एवं वार्ड संख्या 02 (आश्रयगृह डोमसिटवा) में भी शिविर लगाकर आमजनों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इन शिविरों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चतरा के अधिकारियों की उपस्थिति में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत तथा पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्रों की पहचान का कार्य किया जा रहा है।द्वितीय दिवस, 25 अप्रैल को चतरा प्रखंड के गंघरिया एवं ब्रह्मणा, गिद्धौर के बारीसाखी, हंटरगंज के औरु एवं बलुरी, प्रतापपुर के सिजुआ एवं हुंमाजांग, कुंदा के सिकिदाग, लावालौंग के सिलदाग, सिमरिया के डाड़ी एवं जबड़ा, इटखोरी के धूना एवं इटखोरी, मयूरहंड के मयूरहंड, कान्हाचट्टी के कैंडीनगर, पत्थलगड़ा के बरवाडीह तथा टंडवा के गाड़ीलौंग एवं नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं नगर परिषद, चतरा क्षेत्र के वार्ड संख्या 03 एवं 04 (आश्रयगृह डोमसिटवा) में भी शिविर आयोजित कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।उपायुक्त श्री रवि आनंद ने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकट से किसी भी ग्रामीण को जूझना न पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं तथा सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## वीर कुंवर सिंह का जयंती पर मनाया गया विजय उत्सव



संवाददाता

**राहेः** क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में गुरुवार को राहे में वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह के अवसर पर विजय उत्सव मनाया गया । राहे ऊपरटोली में स्थित वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर क्षत्रीय समाज लोगों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान मौन रखकर लोगों ने श्रद्धांजलि भी दिया। समारोह में वक्ताओं ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए उम्र और समय की जरूरत नहीं होती है। किसी भी उम्र में देश की सेवा करने का प्रेरणा हमें वीर कुंवर सिंह से लेने की जरूरत है । समारोह में लोगों ने कहा जाति धर्म से ऊपर स्वतंत्रता सेनानी वीर कुँवर सिंह समाज के लिये प्रेणास्त्रोत है। मौके पर सुशांत सिंह, कमलाकांत सिंह,मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, संजय शेखर, सत्यनारायण सिंह, प्रदीप सिंह, अजित सिंह, प्रमोद सिंह, मणिभूषण सिंह, अनूप सिंह, जितेंद्र सिंह, शिव सिंह, संजय सिंह, सुभाष सिंह, शिपू सिंह, अमरजीत सिंह, कालीप्रसाद सिंह ,अशोक बैठा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा को लेकर उपायुक्त की समीक्षा बैठक

### सभी पंचायतों में विशेष शिविर

### रोस्टर के अनुसार शिविर संचालन

### हर पंचायत में ऑन-स्पॉट समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश

संवाददाता

**चतरा :** ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकट के समाधान हेतु 24 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा को लेकर उपायुक्त रवि आनंद ने आज सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। बैठक में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, रोस्टर अनुसार शिविर संचालन एवं त्वरित समाधान की



तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के सभी 154 पंचायतों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार शिविर आयोजित किए जाएं और प्रत्येक पंचायत में पेयजल से जुड़ी समस्याओं का ऑन-स्पॉट समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी ग्रामीण को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

ग्राम सभा आधारित योजना चयन, जनभागीदारी पर जोरः उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सामान्य बैठकों के स्थान पर ग्राम सभा आयोजित कर प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित कर समस्याओं की पहचान एवं समाधान किया जाए।

खराब जलस्त्रोतों की पहचान व त्वरित मरम्मत का निर्देशः बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों की सूची तैयार कर शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे क्षेत्रों की पहचान करें, जहां ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है, और वहां प्राथमिकता के आधार पर स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## भारत कनेक्ट पर जुड़ा डाक जीवन बीमा


**रांची:** एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड ने भारत कनेक्ट प्लेटफॉर्म पर डाक जीवन बीमा को बिलर के रूप में जोड़ा है, जिससे अब 1.25 करोड़ से अधिक पॉलिसीधारक ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से आसानी से प्रीमियम भुगतान कर सकेंगे। एनबीबीएल की एमडी एवं सीईओ नुपुर चतुर्वेदी ने कहा कि इससे भुगतान प्रक्रिया सरल होगी और डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा।

## शत- प्रतिशत रहा संत लुइस उच्च विद्यालय का परीक्षा परिणाम



**रांची:** संत लुइस उच्च विद्यालय हरमू रांची के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं। कल 140 छात्र छात्राओं में से 100% उर्तीण रहे । छात्र सुफियान अंसारी कल 491 अंक और और 98.20% लाकर विद्यालय में आवल रहे । विद्यालय प्राचार्य फादर इसीदोर केर-केट्टा एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं सभी सफल विद्यार्थियों को मेहनत मार्गदर्शन के लिए आभार शुभकामना एवं बधाई दी।

## जुनैरा मोजीबी मैट्रिक परीक्षा में हुई सफल, लोगों ने दी बधाई



**रांची :** माध्यमिक परीक्षा 2026 के परिणाम में हिंदपीढ़ी क्षेत्र के मिल्लत एकेडमी स्कूल की छात्रा जुनैरा मोजीबी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 87 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में उन्होंने सभी विषयों में बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं। जुनैरा की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने भी बेटी की उपलब्धि पर गर्व जताया और कहा कि उसकी मेहनत का यह फल है।जुनैरा तारीक मोजीबी की बेटी है। बेटी की कामयाबी पर नदीम खान, बब्बर, शाहिद अय्यूबी और तनवीर अहमद ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## कैलिग्राफिक कैनवस का लोकार्पण




**रांची (गुलाम शाहिद) :**जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी के अंग्रेजी विभाग की लेक्चरर आसिफा तमजीद द्वारा लिखित पुस्तक कैलिग्राफिक कैनवस का लोकार्पण संस्थान परिसर में आयोजित एक समारोह में किया गया। इस अवसर पर संस्था के कोऑर्डिनेटर डॉ. फादर अशोक सांडिल, मुख्य अतिथि मौलाना आजाद कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. मो. इलियास मजीद, संस्थान के प्रिंसिपल तथा स्वयं लेखिका आसिफा तमजीद ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। लोकार्पण समारोह में संबोधित करते हुए डॉ. फादर अशोक सांडिल ने कहा कि पुस्तकों की रचना एक बड़ा कार्य है, जो समाज के लिए अमूल्य धरोहर होती है। उन्होंने कहा कि आसिफा ने अपनी पहली ही पुस्तक में कैलिग्राफिक आर्ट पर अत्यंत सुंदर और सारगर्भित प्रस्तुति दी है, जो इस कला में रुचि रखने वालों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तक में हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी तीनों भाषाओं में आकर्षक कैलिग्राफिक कला का समावेश किया गया है, जो सराहनीय है।मुख्य अतिथि डॉ. मो. इलियास मजीद ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं में रचनात्मकता का विकास अत्यंत आवश्यक है और उन्हें अपनी रुचि के अनुसार सृजनात्मक कार्यों में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि ह्लकैलिग्राफिक कैनवसह्व सात भागों में विभाजित है, जिसमें कैलिग्राफी का परिचय, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, अवधारणा, विशेषताएं, इसके विभिन्न रूपों तथा महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। पुस्तक के अंतिम भाग में लेखिका द्वारा हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी में तैयार किए गए कैलिग्राफिक आर्ट के नमूने भी शामिल हैं।कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# ओरमांझी से 14.91 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ सात तस्कर गिरफ्तार

मेट्रो रेज




**रांची:** राजधानी रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के साथ 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से नशीला पदार्थ, मोबाइल फोन और एक वाहन भी बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिलदिरी इलाके में एक घर में कुछ लोग अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर एक विशेष छापामारी टीम (एसआईटी) बनाई गई। टीम ने डीएसपी सिल्ली के साथ मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी की और छापेमारी शुरू की।

**घर में चल रहा था नशे का कारोबार:** छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक पक्का मकान से 6 लोगों को मौके पर पकड़ा, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे। बाद में सभी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। इसके बाद तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से अलग-अलग मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

**गिरफ्तार आरोपियों की पहचान:** पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें शामिल हैं- साहिल अंसारी, जय प्रकाश कुमार महतो, गुलफान अंसारी, जावेद अंसारी, देवेन्द्र महतो, शोएब अख्तर उर्फ शोएब अंसारी और सोनू सिंह। छापेमारी में पुलिस ने कुल 14.91 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। इसके अलावा कई मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन, सिल्वर फॉइल पेपर और पैकिंग सामग्री भी जब्त की गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सोनू सिंह नामक व्यक्ति से ब्राउन शुगर खरीदकर छोटे-छोटे पुड़ियों में बेचते थे। यह नेटवर्क ओरमांझी और आसपास के इलाकों में सक्रिय था।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज:** पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस ने साफ कहा है कि इलाके में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे नेटवर्क पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## झारखंड शराब घोटाला: हाईकोर्ट ने दो आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका की खारिज

मेट्रो रेज




**रांची:** झारखंड शराब घोटाले के दो आरोपियों अरुण पति त्रिपाठी और अरविंद कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। इससे पूर्व दोनों ने एसीबी की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। एसीबी कोर्ट के आदेश को अरुण पति त्रिपाठी और अरविंद कुमार ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

बता दें कि, झारखंड में हुए शराब घोटाला की जांच में अरुण पति त्रिपाठी की संलिप्ता पाई गई है। वह सरकार के उत्पादन नीति के सलाहकार रहे हैं। झारखंड में बनी शराब नीति निर्माण में अरुणपति त्रिपाठी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे से मिलीभगत कर छत्तीसगढ़ के कई प्लेसमेंट एजेंसियों की झारखंड में इंट्री कराई थी।रांची : झारखंड के देवघर जिले में साल 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद चर्चित रहे रिखिया कांड मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। रजिस्ट्रार कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी प्रतीक रंजन ने लंबी सुनवाई के बाद इस मामले में नामजद सभी 20 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

मामला उस समय काफी सुर्खियों में रहा था, जब लोकसभा चुनाव के बाद रिखिया क्षेत्र में हुई घटना को लेकर कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद कुल 20 लोगों को आरोपी बनाया था और उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। इसके बाद मामला न्यायालय में विचाराधीन रहा। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों की जांच-पड़ताल की गई। हालांकि, अदालत ने पाया कि आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त और ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। इसी आधार पर न्यायालय ने सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी करने का निर्णय सुनाया।

**इन आरोपियों को मिली राहत:** अदालत से बरी किए गए आरोपियों में शशांक शेखर भोक्ता, सुरेश पासवान, मुन्नम संजय, सुरेश शाह, विनोद वर्मा, भूतनाथ यादव, देवनंदन झा उर्फ नुनु झा, दीपक सिंह राजपूत, मणिकांत यादव, बेनी चौबे, रंजीत यादव, दिनेशनंद झा, आदित्य सरोलिया, कुणाल सिंह, राहुल सिंह, सुधीर दास, सुनील यादव, दिलीप यादव और राजेश यादव सहित कुल 20 लोग शामिल हैं।

**कानूनी दृष्टिकोण:** विशेषज्ञों के अनुसार, आपराधिक मामलों में सजा दिलाने के लिए अभियोजन पक्ष को आरोपों को संदेह से परे साबित करना होता है। यदि पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलते हैं, तो अदालत आरोपियों को बरी करने के लिए बाध्य होती है। इस फैसले के बाद सभी आरोपियों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली है, वहीं यह मामला एक बार फिर न्यायिक प्रक्रिया और साक्ष्य की अहमियत को रेखांकित करता है।

## राज्यपाल ने किया *वाइल्ड लीफी वेजिटेबल्स एंड फ्लावर्स* पुस्तक का लोकार्पण



मेट्रो रेज

**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज लोक भवन में रांची विश्वविद्यालय, रांची की प्रो. वंदना कुमारी एवं प्रो. सुधांशु कुमार (सेवानिवृत्त) द्वारा लिखित पुस्तक वाइल्ड लीफी वेजिटेबल्स एंड फ्लावर्स का लोकार्पण किया। यह पुस्तक झारखण्ड राज्य, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में प्रचलित विभिन्न साग-सब्जियों, पत्तियों एवं फूलों के वैज्ञानिक अध्ययन पर आधारित है, जिसमें 250 से अधिक प्रकार के पत्तों एवं फूलों का विस्तृत विवरण छायाचित्रों सहित प्रस्तुत किया गया है।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने इस कृति हेतु बधाई देते हुए कहा कि झारखण्ड के ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में अनेक ऐसे पौधे, साग एवं फूल विद्यमान हैं, जिनका उपयोग पारंपरिक रूप से भोजन में किया जाता है तथा ये अत्यंत पौष्टिक एवं औषधीय गुणों से युक्त हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण एक गंभीर चुनौती है, जिसका समाधान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध इन पौष्टिक साग-सब्जियों के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस पुस्तक की उपयोगिता को देखते हुए इसका हिन्दी भाषा में अनुवाद किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि यह अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके।

राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि लोक भवन, राँची परिसर में अनेक दुर्लभ एवं औषधीय पौधे विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि इन पौधों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वृक्ष पर उसका नाम अंकित कराने की पहल की गई है, जिससे आगंतुकों को उनके बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।

उक्त अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, राँची विश्वविद्यालय, राँची की कुलपति प्रो सरोज शर्मा सहित कई शिक्षाविद उपस्थित थे।

## आशा भोंसले की याद में सुरमई शाम, कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि



**रांची:** कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में कला संस्कृति प्रकोष्ठ द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शाम का उद्देश्य संगीत जगत की दिग्गज गायिका आशा भोंसले को याद करना और उन्हें श्रद्धांजलि देना था। कार्यक्रम में शहर के कई कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज में आशा जी के सदाबहार गाने गाकर समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत आशा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेता देवेश खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय कलाकारों में हुनर की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन की जरूरत है। संस्था के अध्यक्ष पराग भूषण और प्रभारी राजेश श्रीवास्तव ने मेहमानों का स्वागत किया। पराग भूषण की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य लक्ष्य छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

**इन कलाकारों ने बिखेरा जादू:** कार्यक्रम में पराग भूषण, राजेश श्रीवास्तव, अभय, संजय, शशी कुमार सिन्हा, विजय खरे, आकाश, सीमा, ऋतु, मिली, खुशी खरे , मीणा बक्शी और राजकुमार जैसे कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। मंच का सफल संचालन वीणा और पराग भूषण ने मिलकर किया। इस अवसर पर आनंद जालान, बुलंद अख्तर, राजीव रंजन प्रसाद और वंदना रॉय , वीणाश्री, प्रो राजेश, साजेश लाल, राजकुमार, अभय , संजय, निगार सुल्ताना, सुशीला केरकेट्टा राजीव कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस सांस्कृतिक पहल की खूब प्रशंसा की।



## वाहन से मिला गाय का सिर और कंकाल

**रांची:** पिठोरिया थाना क्षेत्र के पीरू टोला से एक छोटा हाथी (जेएच01जीसी1731) वाहन से मवेशी (गाय) का सिर और कंकाल मिलने की सूचना हिंदू नेता विवेक प्रताप सिंह को मिली। इसके बाद सिंह ने मामले की जानकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों तक उपलब्ध करवाई। सूचना मिलते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन और एक व्यक्ति को पकड़ लिया है, मामले में पूछताछ जारी है।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा,
ई–मेल– simdegafisheriesdfo@gmail.com

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 268, दिनांक– 11.02.2025 आलोक में मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट के लिए विज्ञापन सं0– PR 377095 (Simdega) 26-27 (D) के अंतर्गत हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक– 28.04.2026 को निविदा आमंत्रण हेतु प्रकाशित किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 378231 Simdega(26-27)#D

भीषण गर्मी से जानवरों को राहत

# बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में कूलर, बाथ टब और खास खानपान की व्यवस्था

संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची में पड़ रही तेज गर्मी का असर इंसानों के साथ-साथ वन्यजीवों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। लगातार बढ़ते तापमान और लू के बीच ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में जानवरों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उद्यान प्रबंधन और वन विभाग ने मिलकर कई ऐसे उपाय किए हैं, जिनसे जानवरों को गर्मी से राहत मिल सके।

**मांसाहारी जानवरों के लिए कूलर:** उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ. ओम प्रकाश साहू के अनुसार, गर्मी को ध्यान में रखते हुए शेर, बाघ और तेंदुए जैसे मांसाहारी जानवरों के बाड़ों में कूलर लगाए गए हैं, ताकि उन्हें ठंडा वातावरण मिल सके। वहीं हाथियों और हिमालयन भालुओं के लिए बड़े-बड़े पानी के टब बनाए गए हैं, जिनमें उन्हें नियमित रूप से नहलाया जाता है। इससे उनके शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और वे सक्रिय बने रहते हैं।

**गर्मी से बचने के लिए गए विशेष इंतजाम:** जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए बाड़ों के आसपास पुआल की दीवारें तैयार की गई हैं, जो प्राकृतिक रूप से ठंडक बनाए रखने में मदद करती हैं। इसके साथ ही उनके खानपान में भी बदलाव किया गया है। शाकाहारी जानवरों को मौसमी फल, विशेष रूप से आम दिए जा रहे हैं, जबकि सभी जानवरों को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए समय-समय पर ग्लूकोज का घोल उपलब्ध कराया जा रहा है।

**पर्यटकों को भी मिल रहा सुकूनदायक वातावरण:** घने पेड़-पौधों और प्राकृतिक हरियाली के कारण यह जैविक उद्यान अपेक्षाकृत ठंडा रहता है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को भी राहत महसूस होती है। कई पर्यटकों ने बताया कि गर्मी के बावजूद उद्यान का माहौल काफी आरामदायक है और अधिकांश जानवर सामान्य रूप से सक्रिय नजर आए।

**गर्मी के बीच बेहतर प्रबंधन की मिसाल बना उद्यान:** भीषण गर्मी के इस दौर में उद्यान प्रशासन द्वारा किए गए इंतजाम न केवल जानवरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित कर रहे हैं, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को भी बेहतर बना रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की व्यवस्थाएं वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक सकारात्मक उदाहरण हैं।

कार्यालय: वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ................../ दिनांक ................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.12.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर घाघरा–गुमला मुख्य मार्ग पर ग्राम–खरखा, थाना–गुमला के चौराहा के समीप में 01 जामुन तथा 07 आम बोटा सहित एक पीकअप सं0– JH01AD2039 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 29.04.2026 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:– वन है, तो जीवन है –:

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 378198 Forest, Environment and Climate Changes (25-26)_D

## सूक्ति

सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर

## ट्रंप अब युद्ध नहीं चाहते!

**युद्धविराम** की अवधि समाप्त होने से करीब अढाई घंटे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने बेमियादी युद्धविराम की घोषणा कर दी। जब तक अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत नहीं होती, तब तक युद्धविराम जारी रहेगा। दूसरी तरफ, ईरान अपनी मांग और शर्त पर अड़ा है कि जब तक होर्मुज और ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी खत्म नहीं की जाती, तब तक कोई वार्ता नहीं होगी। ईरान ने डाकिए पाकिस्तान की दोगली भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। बल्कि अब ईरान को भरोसा नहीं है कि पाकिस्तान तटस्थ संदेशवाहक की भूमिका भी निभा सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी रपट दी है कि पाकिस्तान का फील्ड मार्शल जनरल मुनीर अमरीका के साथ विश्वासघात साबित हो सकता है। वह मार दिए गए ईरानी जनरल सुलेमानी के बहुत करीब था और आज भी आईआरजीसी के कमांडरों से उसके अच्छे संबंध हैं। बहरहाल अब अमेरिकी राष्ट्रपति की जुबानी भाषा काफी बदल चुकी है। अब वह ईरान को पाषाण-युग में भेजने और सभ्यता को नष्ट करने सरीखे बयान नहीं दे रहे हैं। अब ट्रंप तबाही, बबार्दी के बहुत कम बयान देने लगे हैं। अब राष्ट्रपति ट्रंप और ईरान युद्ध का फोकस होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर आ गया है। अमरीकी नाकेबंदी अभी जारी रहेगी, लेकिन ईरानी सैनिक कंटेनर जहाजों पर हमले कर रहे हैं। ईरान ने तीन जहाजों पर हमले भी किए हैं और दो जहाजों को जब्त कर लिया है। एक जहाज भारत के मुंद्रा, गुजरात बंदरगाह पर आना था। अमेरिका की भारी-भरकम नौसेना ईरान का कुछ भी बिगाड़ नहीं पाई अथवा अब नरमी बरती जा रही है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम और करीब 440 किग्रा परिष्कृत यूरेनियम का मुद्दा काफी पीछे छूट गया है। भारतीय रक्षा विशेषज्ञों के दावे हैं कि अमेरिका, अंततः, ईरान को परमाणु कार्यक्रम जारी रखने की 20 साल की मोहलत देगा। उसके बाद ईरान को उसे समेट कर अमरीका को सौंपना होगा।

किसने देखे 20 साल! न तो हम होंगे और ट्रंप भी निश्चित रूप से ऐसी हैसियत में नहीं होंगे। मुद्दे को टालने का फैसला किया जा सकता है। ईरान की मिसाइल रेंज कम करना अथवा उन्हें बैलिस्टिक एक हद तक ही रखना भी अब फोकस में नहीं है। दरअसल अब राष्ट्रपति ट्रंप युद्ध से बाहर निकलना चाहते हैं। उन्हें ऐसी रपटें दी गई हैं कि थाड, पैट्रियट, सटीक, एसएम श्रेणी की, उच्चतम स्तर की, मिसाइलें 50 फीसदी से 20 फीसदी तक युद्ध में खर्च की जा चुकी हैं। यदि ऐसे में चीन जैसे देश के साथ टकराव की नौबत आती है, तो अमेरिका कुछ दिन की लड़ाई लड़ने में भी अक्षम, असहाय होगा। इन मिसाइलों के पर्याप्त उत्पादन में 3-5 साल लग सकते हैं। इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंप की, अमेरिका में ही, स्वीकार्यता 30-32 फीसदी ही शेष है। संसद और जनता में उनके खिलाफ भारी रोष, आक्रोश है। मध्यावधि चुनाव 7 नवंबर को होने हैं, जिनके लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया मई में ही शुरू होनी है। ऐसे में युद्धविराम के मद्देनजर ट्रंप की मजबूरी को समझा जा सकता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के सामने यक्ष-प्रश्न है कि वह अमेरिका को क्या बताएंगे-युद्ध जीता अथवा अधूरा छोड़ कर लौटना पड़ा? दोनों ही स्थितियों में उनके सामने सवाल होंगे, फजीहत होगी। बहरहाल युद्ध को समाप्त कराने और होर्मुज के अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग को खुलवाने, सुरक्षित आवाजाही, को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी महत्वपूर्ण बयान दिया है कि अब भारत मध्यस्थता कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के नेताओं से बातचीत की है। शेष विश्व भी चाहता है कि भारत यह भूमिका निभाए। किसी भी तरह युद्ध खत्म होना चाहिए। युद्ध के कारण 50 अरब डॉलर से अधिक के तेल का नुकसान हो चुका है। फ्रांस और ब्रिटेन के प्रयास से 30 देश होर्मुज को खुलवाने पर साझा विमर्श कर रहे हैं। लेकिन ईरान अब भी खाड़ी देशों और इजरायल के जल संयंत्रों, बिजली संयंत्रों और तेल-गैस ठिकानों पर हमले करने की धमकियां दे रहा है। अमरीका के करीब 1.5 लाख सैनिक और विशालकाय युद्धपोत भी ईरान को घेरे हुए मौजूद हैं। ऐसी स्थितियों में भी युद्ध समाप्त हो सकता है? प्रायः देखा गया है कि युद्ध से दोनों पक्षों को हानि ही होती है, इसलिए युद्ध में उलझना समझदारी का काम नहीं माना जाता है। यह युद्ध भी जल्द से जल्द समाप्त होना चाहिए।

## बढ़ते तापमान के खतरों से मुकाबले की तैयारी जरूरी

**करीब** डेढ़ सौ वर्ष पहले आया विनाशकारी मेगा अल नीनो फिर चर्चा में है। वैज्ञानिकों के ताजा विश्लेषण बताते हैं कि प्रशांत महासागर के सतही तापमान में असामान्य वृद्धि हो रही है। यदि ये हालात मेगा अल नीनो में बदलते हैं, तो 2026-27 में दुनिया को रेकॉर्ड तोड़ गर्मी, कमजोर मानसून और चरम मौसमी घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है। अल नीनो कोई नई घटना नहीं है, लेकिन मेगा रूप में इसकी तीव्रता कई गुना बढ़ जाती है। इसका सीधा असर मानसून पर पड़ता है, जिससे वर्षा का वितरण असंतुलित हो जाता है। कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ की स्थिति बन सकती है। इसका व्यापक प्रभाव कृषि, जल संसाधन व खाद्य सुरक्षा तीनों पर पड़ता है। भारत जैसे मानसून पर निर्भरता वाले देश के लिए यह चेतावनी किसी अलार्म से कम नहीं है। पहले ही जल संकट से जूझ रहे कई क्षेत्रों में हालात और बिगड़ सकते हैं। ऐसे में यह केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट का भी संकेत है। निश्चित रूप से, पहले से ही जलवायु परिवर्तन का दबाव झेल रही दुनिया के लिए यह दोहरी चुनौती है। उत्तर भारत में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे राज्यों में लू का असर है। यह केवल मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि आने वाले संकट की झलक है। आने वाले महीनों में हीट वेव अधिक तीव्र और लंबी होंगी। ऐसे हालात में सरकारों को हीट एक्शन प्लान पर काम शुरू कर देना चाहिए। शहरों में कूलिंग सेंटर, पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था, अस्पतालों में आपात तैयारियां और समय पर चेतावनी प्रणाली जैसे बुनियादी कदम तुरंत उठाने चाहिए। डेटा-आधारित निर्णय, मौसम पूवार्नुमान की सटीकता बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर निगरानी तंत्र इस संकट से निपटने में मददगार साबित हो सकते हैं। आपदा प्रबंधन एजेंसियों, नगर निकायों और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय भी समय की मांग है। इसके साथ ही, शहरी नियोजन में हरित क्षेत्र बढ़ाना, कंक्रीट के फैलाव को नियंत्रित करना और जल संरक्षण को प्राथमिकता देना दीर्घकालिक समाधान का हिस्सा होना चाहिए। हालांकि, केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही अहम है। अत्यधिक गर्मी में अनावश्यक बाहर निकलने से बचना, पर्याप्त पानी पीना और बुजुर्गों व बच्चों का विशेष ध्यान रखने जैसे छोटे-छोटे कदम बड़े संकट को टाल सकते हैं।

सामाजिक स्तर पर जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है। मेगा अल नीनो की आशंका हमें यह याद दिलाती है कि जलवायु संकट अब भविष्य की नहीं, वर्तमान की हकीकत है। सवाल यह नहीं कि खतरा आएगा या नहीं, बल्कि यह है कि हम उसके लिए कितने तैयार हैं। यदि समय रहते ठोस कदम उठाए जाएं, तो इस संभावित तबाही के असर को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# सभ्यता का आईना हैं पुस्तकें

**पुस्तक मानव सभ्यता के संचित ज्ञान का कोष है। पुस्तक के साथ व्यक्ति का सदियों पुराना और आत्मिक रिश्ता है। यही कारण है कि पुस्तक को इंसान का सबसे अच्छा मित्र माना जाता है। एक अच्छी पुस्तक पढ़कर हम आज भी अपने अंदर बदलाव महसूस कर सकते हैं। कई प्रसिद्ध व्यक्तियों ने यह कहा है कि किसी पुस्तक ने कैसे उनका पूरा जीवन ही बदल दिया और कैसे जीवन के मुश्किल क्षणों में किसी पुस्तक ने उन्हें राह दिखाई। महात्मा गांधी तो गीता को 'गीता माता' तक कहते थे।**

**डॉ. नरेन्द्र इष्टवाल**

**पुस्तक दिवस विशेष**

आज से चार दशक पहले जब टेलीविजन भारत के घर-घर पांव पसार रहा था, तब कुछ पुस्तक-प्रेमी पुस्तक के भविष्य को लेकर काफी चिंता व्यक्त कर रहे थे। उनकी चिंता थी कि घर-घर में टेलीविजन की मौजूदगी पुस्तक के भविष्य को खत्म कर देगी, क्योंकि टेलीविजन के कारण पुस्तक के लिए व्यक्ति के पास समय ही नहीं होगा, लेकिन हुआ इसका एकदम उल्टा। चंद्रकांता संतति और तमस जैसे धारावाहिकों के टेलीविजन पर प्रसारण के बाद इन उपन्यासों की बिक्री में आश्चर्यजनक रूप से वृद्धि हुई। टेलीविजन पर राग दरबारी धारावाहिक के प्रसारण के बाद श्रीलाल शुक्ल का राग दरबारी हर रेलवे स्टेशन की बुक स्टॉल पर नजर आने लगा था। यह ठीक वैसा ही था जैसे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रसार को देखकर कुछ मीडिया विशेषज्ञ समाचार पत्रों के भविष्य को लेकर चिंतित थे, लेकिन ज्यों-ज्यों इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रसार हुआ, त्यों-त्यों समाचार पत्रों की प्रसार संख्या भी बढ़ने लगी। जिस तेजी से नए-नए समाचार चैनल शुरू होने लगे, उसी तेजी से समाचार पत्रों के नए-नए संस्करण भी शुरू होने लगे। ऐसी ही कुछ चिंता तब व्यक्त की गई थी जब बाजार में ई-बुक लॉन्च की गई थी। कहा जा रहा था कि जब कंप्यूटर और मोबाइल पर ही पाठक को पढ़ने के लिए डिजिटल पुस्तक उपलब्ध हो रही है, तो पाठक पन्नों पर छपी पुस्तक को रखने का झंझट क्यों करेगा। लेकिन ई-बुक्स के आने से किताबों की बिक्री में कोई कमी नहीं आई है। यह ठीक ऐसा ही है जैसे प्यास लगने पर व्यक्ति कोल्ड ड्रिंक पीता है, लेकिन जिस तरह कोल्ड ड्रिंक पानी का विकल्प नहीं बन सकती, उसी तरह टेलीविजन या ई-बुक्स पुस्तक का विकल्प नहीं बन पाई हैं। पुस्तक और टेलीविजन में आधारभूत अंतर यह भी है कि पुस्तक अपने पाठक के साथ संवाद स्थापित करती है और पाठक को आत्म-साक्षात्कार का अवसर देती है। पुस्तक अपने पाठक को अपनी स्वतंत्र सोच बनाने और कल्पना करने का अवसर भी देती है। इसके विपरीत टेलीविजन दर्शकों के लिए सूचना और मनोरंजन का साधन तो हो सकता है, लेकिन वह अपने दर्शकों को किसी भी तरह की स्वतंत्रता नहीं देता। टेलीविजन अपने दर्शकों पर हावी हो जाता है, वह अपने दर्शकों को दृश्य परोसता है। वह दर्शक को सोचने और अपनी कल्पना करने का अवसर ही नहीं देता। वह दर्शकों के मानस पर अपने दृश्य थोप देता है। पुस्तक व्यक्ति को आंतरिक और बौद्धिक रूप से जितना समृद्ध और संपन्न करती है, उतना टेलीविजन अपने दर्शकों को करता है या नहीं, यह आज भी एक बड़ा सवाल है।

पुस्तक हमारे जीवन से गहरे तक जुड़ी है। पुस्तक के साथ हमारे जीवन का एक संस्कार जुड़ा है। हमारे जीवन के सोलह संस्कारों में से एक संस्कार बच्चे के विद्यारंभ का भी है। इसी संस्कार के साथ पुस्तक का हमारे जीवन से जुड़ाव हो जाता है, जो जीवन पर्यंत चलता है। हमारे जीवन में पुस्तक का क्या महत्व है और हमारे मन में पुस्तक के प्रति कितना सम्मान का भाव है, इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट के इस युग में भी हम छपी हुई किसी पुस्तक के नीचे गिर जाने पर उसे हाथों से उठाकर सबसे पहले अपने माथे से लगाते हैं। पुस्तक के प्रति हमारे मन में इसी सम्मान भाव के कारण हम आज भी छपे हुए शब्द को ब्रह्म मानते हैं। छपे हुए शब्द के प्रति यह जो हमारा सम्मान का भाव है, वह अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के प्रति हो ही नहीं सकता। पुस्तक ज्ञान का अतुल खजाना होती है। यह एक ऐसा खजाना है जिसे पाठक चाहे जितना भी ले ले, वह कभी खत्म नहीं होता। यही वजह है कि कई साल पहले प्रकाशित हुई पुस्तक आज भी अपने पाठक को उतना ही आनंद देती है जितना कभी उसने अपने पहले पाठक को दिया होगा। रामचरितमानस आज भी पढ़ने वाले पाठक को वही आनंद की अनुभूति देती है, जो उसने सैकड़ों वर्षों पहले पाठकों को दी होगी। पुस्तक मानव सभ्यता के संचित ज्ञान का कोष है। पुस्तक के साथ व्यक्ति का सदियों पुराना और आत्मिक रिश्ता है। यही कारण है कि पुस्तक को इंसान का सबसे अच्छा मित्र माना जाता है। एक अच्छी पुस्तक पढ़कर हम आज भी अपने अंदर बदलाव महसूस कर सकते हैं। कई प्रसिद्ध व्यक्तियों ने यह कहा है कि किसी पुस्तक ने कैसे उनका पूरा जीवन ही बदल दिया और कैसे जीवन के मुश्किल क्षणों में किसी पुस्तक ने उन्हें राह दिखाई। महात्मा गांधी तो गीता को 'गीता माता' तक कहते थे। गांधी जी कहते हैं कि मैं तो सारी कठिनाइयों में गीता-माता के पास दौड़ा आता हूं। व्यक्ति के जीवन के मुश्किल समय और निराशा के क्षणों में कोई पुस्तक ही उसका सहारा बनती है। पुस्तकें अपने पाठक को ज्ञान तो देती ही हैं, वह उसे विवेकशील, विचारवान, कल्पनाशील और संस्कारवान भी बनाती हैं। पुस्तकें अपने पाठक को दुनिया को देखने की अंतर्दृष्टि भी देती हैं। पुस्तक की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह दूसरों के अनुभवों को हमारे अनुभव बनाती है। हमने भले ही कभी पर्वतारोहण नहीं किया हो, लेकिन किसी पर्वतारोही ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते वक्त कैसा अनुभव किया होगा, यह हम किसी पर्वतारोही की लिखी पुस्तक को पढ़कर जान सकते हैं। पुस्तक कितनी ताकतवर होती है, इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हर तानाशाह शासक का पहला निशाना पुस्तक ही बनती है। यही वजह है कि 1193 ई. में तुर्क आक्रमणकारी बख्तियार खिलजी ने भारत के ज्ञान के केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय के विशाल पुस्तकालय को आग के हवाले कर दिया था। पुस्तकें हमारी सांस्कृतिक धरोहर ही नहीं, हमारी सभ्यता और संस्कृति का आईना भी होती हैं। उनके प्रति अनुराग हमें वैचारिक रूप से समृद्ध बनाता है।

# आत्मनिर्भर ऊर्जा की ओर भारत की बड़ी छलांग

**रिएक्टर पूरी तरह कार्यशील होने के बाद भारत दुनिया का दूसरा देश बन जाएगा, जिसके पास कमर्शल फास्ट ब्रीडर रिएक्टर होगा। अगले कुछ महीनों तक इसे बेहद कम पावर पर चलाया जाएगा। विशेषज्ञों की निगरानी में अगले कुछ महीने इसकी कार्यक्षमता और सुरक्षा संबंधी पहलुओं की जांच होगी। आशा जताई जा रही है कि यह जल्द ही पूरी तरह से व्यावसायिक रूप से अपनी पूरी क्षमता के साथ बिजली उत्पादन शुरू कर देगा।**

**पूजा प्रसाद**

विश्व के कई हिस्सों में चल रहे युद्धों से जहां पूरी दुनिया मानो बारूद के ढेर बैठी प्रतीत होती है, वहीं भारत ने अपने हिस्से का एक इतिहास लिख दिया है। तमिलनाडु के कलपक्कम न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स में दुनिया के वर्तमान शोर से इतर शांत समुद्री किनारे पर भारत के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने कमाल कर दिखाया है, जो आने वाले दशकों में आत्मनिर्भर भारत की किस्मत में एक नई इबारत लिखेगा। 22 सालों के अथक परिश्रम और लंबे इंतजार के बाद प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए क्रिटिकलिटी का चरण सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है।

रिएक्टर पूरी तरह कार्यशील होने के बाद भारत दुनिया का दूसरा देश बन जाएगा, जिसके पास कमर्शल फास्ट ब्रीडर रिएक्टर होगा। अगले कुछ महीनों तक इसे बेहद कम पावर पर चलाया जाएगा। विशेषज्ञों की निगरानी में अगले कुछ महीने इसकी कार्यक्षमता और सुरक्षा संबंधी पहलुओं की जांच होगी। आशा जताई जा रही है कि यह जल्द ही पूरी तरह से व्यावसायिक रूप से अपनी पूरी क्षमता के साथ बिजली उत्पादन शुरू कर देगा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के चलते आने वाले सालों में ऊर्जा जरूरतें और बढ़ेंगी ही। ऐसे में भविष्य में यह सस्ती, टिकाऊ और बेहतरीन विश्वसनीय ऊर्जा बेरोक-टोक प्रदान करता रहेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक कदम यूं ही नहीं बताया है। दरअसल, दुनिया में बहुत कम देशों के पास फास्ट ब्रीडर रिएक्टर जैसी जटिल, प्रभावी और उन्नत तकनीक है। ऐसे में इस श्रेणी में शामिल होना न केवल एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक स्तर पर यह हमारी रणनीतिक और वैज्ञानिक स्थिति को भी मजबूत करता है। भारत के पास थोरियम की सबसे बड़ी खदानें हैं, जो सैकड़ों सालों तक बिजली देती रह सकती हैं।

भारत अभी यूरेनियम और प्लूटोनियम पर आधारित रिएक्टर चला रहा है। पीएफबीआर प्लूटोनियम पैदा करेगा और इसी से आगे चलकर थोरियम को इस्तेमाल करने योग्य ईंधन में बदला जाएगा। पीएफबीआर 'मेड इन इंडिया' का एक जानदार उदाहरण है। एक ऐसा न्यूक्लियर रिएक्टर जो जितना ईंधन इस्तेमाल करता है, उतना ही नया ईंधन तैयार करता है। इसी वजह से इसे 'ब्रीडर' कहा जाता है। इसमें प्लूटोनियम- यूरेनियम के इस्तेमाल से न केवल एनर्जी पैदा होती है, बल्कि भविष्य के लिए अतिरिक्त ईंधन भी तैयार होता है। पुरानी परमाणु राख (वेस्ट) को ही यह नए ईंधन के तौर पर इस्तेमाल कर लेगा। इससे विदेश से महंगा यूरेनियम नहीं खरीदना पड़ेगा। सोचिए, भारत की सदियों की ऊर्जा सुरक्षा के लिए यह कितना बड़ा कदम है! पीएफबीआर के साथ ही भविष्य में थोरियम आधारित रिएक्टर विकसित करने का रास्ता व्यावहारिक रूप से खुल गया है। यह रिएक्टर मौसम पर निर्भर नहीं और कोयले या हाइड्रो से 2-3 गुना सस्ता पड़ेगा। इसका कार्बन एमिशन कोयले की बिजली से कई गुना कम बताया जा रहा है। आने वाले समय में भारत दुनिया का पहला बड़ा थोरियम पावर देश बन सकता है। भविष्य में भारत की बिजली आयात पर निर्भरता घटेगी और वह सस्ती होगी। कोयले या विदेशी यूरेनियम से यह 10 गुना ज्यादा कुशल होगी। परमाणु कार्यक्रम के अगले चरण तक पहुंचने की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। यह लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट है। इसका फायदा आने वाले कई दशकों में मिलेगा इसलिए इन चुनौतियों को सही नीतियों, मजबूत तकनीकी क्षमता और समुचित फंडिग के जरिए जारी रखना जरूरी होगा। जानकार बताते हैं कि फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में सुरक्षा के प्रोटोकॉल सख्त रखने पड़ते हैं, क्योंकि इसमें लिक्विड सोडियम का इस्तेमाल होता है। एक प्रोटोटाइप से आगे बढ़कर कई रिएक्टरों का नेटवर्क तैयार करना भी आसान काम नहीं है। इसके दूसरे चरण में पीएफबीआर जैसे फास्ट ब्रीडर रिएक्टर का कार्यशील होना और तीसरे चरण में थोरियम-232 को यूरेनियम-233 में बदलकर बिजली उत्पादन करना है। कुल मिलाकर, पीएफबीआर मौजूदा (यूरेनियम आधारित) चरण और भविष्य के (थोरियम आधारित) चरण के बीच अहम कड़ी के रूप में सामने आता है। यह पूरा कार्यक्रम भारत के संसाधनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है क्योंकि यूरेनियम भले ही सीमित मात्रा में है लेकिन थोरियम के मामले में ऐसा नहीं है। केवल पारंपरिक रिएक्टर इस कमी को पूरा नहीं कर सकते। यहीं पर पीएफबीआर की भूमिका निर्णायक है।

# ईश्वर पर विश्वास करना

**श्री रवि शंकर**

क्या आप जानते हैं, छह दर्शनों में से पहले तीन दर्शन तो भगवान के बारे में बात तक नहीं करते, न्याय, वैशेषिक और सांख्य दर्शन। गौतम महर्षि के द्वारा रचित न्याय दर्शन ज्ञान के बारे में चर्चा करता है कि आपका ज्ञान सही है या नहीं। ज्ञान के माध्यम को जानना कि वह सही है या नहीं, यह है न्याय दर्शन। उदाहरण के लिए, आप अपनी इंद्रियों के द्वारा ये देख पाते हैं कि सूर्य ढल रहा है या सूर्य निकल रहा है। लेकिन न्याय दर्शन कहता है, नहीं आप केवल उस पर विश्वास नहीं कर सकते, जो आप देख रहे हैं, आपको उससे परे जाकर खोजना है कि क्या वास्तव में सूर्य ढल रहा है या फिर पृथ्वी घूम रही है।

वैशेषिक दर्शन- हमें लगता है कि कोपरनिकस ने यह खोज की थी कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, मगर यह बिलकुल असत्य है। उन्होंने जरूर पता लगाया था, लेकिन उसके पहले, भारत में बहुत लंबे समय से लोग यह बात जानते थे कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है।

न्याय दर्शन इन सबके बारे में बात करता है। वह बात करता है धारणाओं की और उन धारणाओं के संशोधन की। और फिर आता है वैशेषिक दर्शन, यह संसार की सभी वस्तुओं की गिनती करता है, जैसे पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, और फिर सारी वस्तुएं एवं विषय और इन सबका विश्लेषण। यह है वैशेषिक दर्शन। इसमें वे मन, चेतना, बुद्धि, स्मृति इत्यादि के बारे में चर्चा करते हैं। इसके बाद है सांख्य दर्शन। तो ये तीन दर्शन ईश्वर के बारे में बात नहीं करते, बल्कि वे चेतना के बारे में बात करते हैं। केवल योग सूत्रों में जो कि चौथा दर्शन है वे ईश्वर के विषय पर चर्चा करते हैं। इसलिए, आपको ईश्वर पर विश्वास करने के लिए विवश महसूस नहीं करना है, लेकिन आपको किसी पर तो विश्वास करना होगा। आपको कम से कम चेतना पर तो विश्वास करना होगा। भगवान ही तो अस्तित्व है- आमतौर पर जब हम ईश्वर के बारे में सोचते हैं, तो हम स्वर्ग में बैठे किसी व्यक्ति के बारे में सोचते हैं, जिसने ये सृष्टि बनाई और फिर इस सृष्टि से दूर जाकर बैठ गए और हर एक के अंदर गलतियां निकालने में जुट गए। आप जो भी करें, वे एक डंडा लेकर आपको सजा देने को तैयार बैठे हैं।

## आपके पत्र

### चुनावी भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा

एक खबर के अनुसार पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू में चुनाव आयोग ने चुनाव पूर्व छापे मारकर लगभग 1072.13 करोड़ रुपए, जिसमें नगदी, शराब और ड्रग्स शामिल हैं, जब्त किए। प्रत्यक्ष रूप से जब करोड़ों के चुनावी भ्रष्टाचार का पदार्फाश हुआ है, तब अप्रत्यक्ष रूप से कितना और भ्रष्टाचार होगा, जिसकी कल्पना करना मुश्किल है।

बढ़ती भ्रष्ट चुनावी प्रथा जहां चिंतनीय है, वहीं स्वच्छ व कुशल सुशासन जनता को मिले, इसमें भी संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है। हद हो गई कि जहां चुनाव में ही अरबों रुपए मय शराब और ड्रग्स के खर्च होते हों, तब राजनीतिक पार्टियों द्वारा देश से भ्रष्टाचार खत्म करने और सुशासन लाने की घोषणाएं बेमानी ही लगती हैं। जब दो प्रदेशों में भ्रष्टाचार अरबों पार हो रहा हो, तब पूरे देश के चुनावों में भ्रष्टाचार कहां पहुंच सकता है, इसका अंदाजा लगाना सहज ही संभव हो सकता है।

**केसी शर्मा,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## जिला स्तरीय स्मिता सिटी लीग बालिका खेल आज से

**साहिबगंज :** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा 24 एवं 25 अप्रैल को जिला स्तरीय स्मिता सिटी लीग अंतर्गत विभिन्न खेल स्पधाओं में महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने के लिए जिले में चेस, कुश्ती, कबड्डी एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।प्रतियोगिता के पहले दिन आज से प्रातः 8:00 बजे से बालिका अंडर 10 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु तक के लिए चेस की प्रतियोगिता फूलों झानो इनडोर स्टेडियम एवं अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 आयु वर्ग के लिए महिला कुश्ती प्रतियोगिता चांद भैरव इनडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

जबकि प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रातः 6:00 बजे से बालिका अंडर 14 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु तक एथलेटिक्स अंतर्गत 100 मी.,200 मी., लंबीकूद, ऊंची कूद एवं शॉटपुट और बालिका अंडर 14 वर्ष,17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु तक के लिए कबड्डी प्रतियोगिता सिदो कान्हु स्टेडियम साहिबगंज में आयोजित की जाएगी।विजेता प्रतिभागियों को मेडल,सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के किसी भी संस्था, कालेज, विद्यालय की कोई भी प्रतिभागी निःशुल्क ससमय आकर भाग ले सकती हैं।

## अदम्य साहस दिखाते हुए बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों को खदेड़ दिया था : ललित स्वदेशी



**साहिबगंज :** शहर के पोखरिया स्थित टाउन हॉल में गुरुवार को अमर सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का 168वाँ विजयोत्सव समारोह का आयोजन वीर कुंवर सिंह मंच की ओर से किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान,डॉ विजय कुमार,बार एसोशिएशन के अध्यक्ष ललित स्वदेशी, समाजसेवी चंद्रदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा व मदानकांत कुमार सहित अन्य ने बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके ओर उनके तैलीय चित्र समीप दीप प्रज्वलित करके किया। वही अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर व अंग वस्त्र देकर किया।सीएम एक्सीलेंस विद्यालय पोखरिया की दर्जन भर छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत करके खूब तालियां बंटोरी।वही अतिथियों ने कहा कि अदम्य साहस दिखाते हुए बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों को खदेड़ दिया था।देश की आजादी में अहम योगदान दिया था। वही भाषण में प्रथम संत जेवियर्स स्कूल अंग्रेजी मीडियम शिल्पा पीहू,द्वितीय पीएम श्री विद्यालय की श्रेया कुमारी, तृतीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की रिया कुमारी को अतिथियों ने प्राइज देकर सम्मानित किया।मौके पर डॉ सुमित कुमार,संरक्षक राजेश्वर प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष राणा रणविजय कुमार सिंह, रंजन सिंह,अनुराग सिंह,अनूप सिंह,सुभाष सिंह,सुरेंद्र सिंह,गौतम सिंह,मो अनवर अली,अनूप लाल हरि मदनकांत,प्रो ध्रुव ज्योति सिंह,प्रो सुबोध कुमार,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेश गौंड,सच्चिदानंद मिश्र,जय प्रकाश सिन्हा,पोखरिया स्कूल की शिक्षिका संध्या किरण,शंभू नाथ यादव,मुनीजी पांडे सहित दर्जनों गणमान्य लोग व स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## महिलाओं को आरक्षण देने के लिए केंद्रीय कैबिनेट में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी दी : मिस्फीका हसन




**साहिबगंज :** शहर के बाटा रोड स्थित राजमहल के पूर्व विधायक अनंत ओझा के आवासीय कार्यालय में गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं को राजनीति में आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कैबिनेट में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी दी थी। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने इस अधिनियम को कानूनी रूप देने के लिए इस पर चर्चा और वोटिंग के लिए लोकसभा में विशेष सत्र बुलाया था। लेकिन अफसोस की बात है कि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने इस बिल को समर्थन नहीं दिया।जिससे देश भर में मातृ शक्ति आक्रोश में है।इस अधिनियम से नारियों के उड़ान का सपना धराशायी हो गया।इस बिल के गिरने से लोकसभा व विधानसभा में नारी शक्ति को 33% हिस्सेदारी देने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना अधूरा रह गया।विपक्ष का नारी विरोधी आचरण उनका जश्न लोकतंत्र की हत्या है।बताया कि 25 अप्रैल को रांची में इसके विरोध में धरना प्रदर्शन होगा।मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव,जिला उपाध्यक्ष गरिमा साह मौजूद थे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्वागत सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**केरेडारी :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की केरेडारी इकाई द्वारा केरेडारी प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के नवनियुक्त सहायक आचार्यों एवं अंतरजिला स्थानांतरण होकर आए शिक्षकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।वही समारोह के दौरान नवनियुक्त सहायक आचार्य एवं शिक्षकों में महेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, महिमा कुमारी, सरोज कुमार, संतोष कुमार, गोपाल कुमार, ब्यास साहू, टिकेश्वर कुमार, भागेश्वर कुमार, विजय कुमार प्रजापति, चन्द्रदीप कुमार, दशरथ कुमार साव, सुबोध राम, विशेश्वर कुमार, सीमा कुमारी तथा आरती कुमारी को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें संगठन की परंपराओं एवं कार्यशैली से भी अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए शिक्षक शिक्षिकाएं को मनोबल बढ़ना एवं संघ में उनका समन्वय स्थापित करना है। इस अवसर पर सदस्य रामदुलार राम, संजय कुमार, रामदेव रजक, तपेश्वरनाथ वर्मा, विनोद कुमार रवि, शिवचरण साहू, भुनेश्वर राम, महेश राम, विनय कुमार भारती, अशोक कुमार पासवान, राहुल प्रकाश, विनोद कुमार, कृष्णकुमार ठाकुर, मोहन राणा सहित कई शिक्षक एवं सदस्य उपस्थित थे।

# राजमहल और बोरियो विधायक के आवास पर सहायक अध्यापकों ने किया धरना प्रदर्शन

### आकलन को टीईटी के समतुला दर्जा समान काम का समान वेतन की मांग

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य आकलन प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य कमेटी के आह्वान पर दो दिवसीय विधायक आवास धेराव कार्यक्रम के तहत 23 अप्रैल 2026 को राजमहल विधायक एम टी राजा एवं बोरियो विधायक धनंजय सोरेन के आवास पर अपनी माँगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।राजमहल विधायक आवास घेराव का नेतृत्व उधवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद सिराजुल हक प्रखंड सचिव वासुदेव मंडल तालझारी प्रखंड अध्यक्ष गमाल हेंब्रम,बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष सादेमान अली, साहिबगंज प्रखंड सचिव मोहम्मद मोहसिन अजमल,एवं अब्दुल रजाक में सामूहिक रूप से किया।वहीं बोरियो विधायक आवास घेराव का नेतृत्व मंडरो प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शहादत अंसारी,प्रखंड सचिव वीरेंद्र ठाकुर बोरियों प्रखण्ड सचिव मनोज हरिजन में सामूहिक रूप से किया था।धरना स्थल पर मौजूद दोनों विधानसभा के सहायक अध्यापकों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय हम लोगों ने महागठबंधन,झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया था।2019 के चुनाव समय भी पारा शिक्षकों ने एक एकजूटता के साथ हेमंत सोरेन की सरकार बनाने में अपना योगदान दिया था,लेकिन सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पारा शिक्षकों के दुख एवं दर्द को भूल गए हैं,नौकरी की असुरक्षा एवं अल्प मानदेय भुगतान में हम सभी विगत 20 वर्षों से काम कर रहे हैं लेकिन सरकार अपने वादों को भूल चुकी है।



आकलन को टेट के समतुल्य मान्यता देने की मांग

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के फैसले से नॉन टेट पारा शिक्षकों के बीच नौकरी असुरक्षा की भावना हो गई है,सरकार 2016 के बाद झारखंड में टेट परीक्षा आयोजित नहीं कर सकी है ऐसे में विभागीय आकलन परीक्षा को टेट के समतुल्य मान्यता देने से झारखंड के 45000 सहायक अध्यापकों का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा,सहायक अध्यापकों ने आगामी सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में भी शामिल करने की मांग सरकार से कर रहे हैं।समान काम का समान वेतन अथवा वेतनमान के समतुल्य मानदेय भुगतान धरना प्रदर्शन में उपस्थित नेतृत्वकर्ता एवं सहायक अध्यापकों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा समान काम का समान वेतन संविदा कर्मियों के लिए लागू किया गया है। लेकिन झारखंड सरकार 20 वर्षों से काम कर रहे सहायक अध्यापकों को समान काम का समान वेतन नहीं दे रही है ।झारखंड के कई विभागों में संविदा कर्मी को वेतनमान के समतुल्य मानदेय भुगतान दिया जाता है लेकिन पारा शिक्षक को सरकार संविदा कर्मी मानती है लेकिन वेतनमान के समतुल्य मानदेय भुगतान नहीं दे रही है। जिससे सहायक अध्यापकों में सरकार के खिलाफ नाराजगी है।इस दो प्रमुख मांग को लेकर महागठबंधन के सभी माननीय मंत्री माननीय विधायक के आवास का घेराव 23 एवं 24 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है।इस क्रम में राजमहल विधायक आवास घेराव में मनोवर हुसैन, जिब्राइल हुसैन हरि यादव अनिल यादव सरीफुल इस्लाम मोहम्मद इलियास मोहम्मद मुजीबुर रहमान बोरियो विधायक आवास घेराव में नवल शाह तारिक अजीज अरुण कुशवाहा,मानवेल सोरेन सुशांत मंडल प्रशांत मंडल,इकरामुल हक,सिकंदर ठाकुर,कर्मिला सोरेन रेजिना सोरेन स्नेह लता मुर्मू अभ्या कुमारी हाँसदा,संदीप सौरभ सुरेंद्र प्रसाद सरजू प्रसाद जितेंद्र हेंब्रम प्रखंड उपाध्यक्ष किशोर कुमार समेत सैकड़ो सहायक अध्यापक अध्यापिका उपस्थित थे।सहायक अध्यापक व अध्यापिका।विधानसभा चुनाव में हमलोगों ने अपनी सारी शक्ति जिताने में लगा दिया लेकिन आज विधायक हमलोगों से मुहं फेर लिए है हमलोगों के साथ विश्वासघात कर रहे हैं हमलोगों ने आकलन परिक्षा पास किया जो कि टेट के समतुल्य है हमलोग आज 20 वर्षों से अधिक सेवा शिक्षा विभाग को दिया।आज के समय में बीएलओ का कार्य जनगणना कार्य लोकसभा चुनाव कार्य,विधानसभा चुनाव कार्य,शिशु गनना और भी अनेक कार्य स्कूल के अलावा करवाया जाता है।हमलोग विधायक को जिताने का कार्य किया आज हमलोग अपनी समस्या का समाधान के लिए किसके पास जाए। इसलिए विधायक से निवेदन है,कि आप हमारी समस्या का निदान करे।आज के धेराव कार्यक्रम का अध्यक्षता मो० सिराजूल हक के द्वारा किया गया।

# बाबा साहब ने भारतीय समाज में समानता और न्याय की नींव रखी : रामाकांत



संवाददाता

**साहिबगंज :** बाबा साहब भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्ष और प्रतिभा का प्रतीक है,उन्होंने भारतीय समाज में समानता और न्याय की नींव रखी।वो भारतीय संविधान के जनक,महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री थे।उन्होंने दलितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई उक्त बाते मुख्य अतिथि सह मुख्यवक्ता ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन जोनल सचिव डॉ समीर कुमार ने कही।स्टेशन चौक समीप स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा समक्ष बुधवार देर शाम को ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन शाखा साहिबगंज की ओर से भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सह मुख्यवक्ता ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन जोनल सचिव डॉ समीर कुमार,सेंट्रल एक्सक्यूटिव चीफ न्यू दिल्ली पीसी मुर्मू, विशिष्ट अतिथि रेलवे ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेड राहुल कुमार,कार्यपालक अभियंता रामाकांत पासवान,ऑल इंडिया एससी एसटी एसोसिएशन आसनसोल अध्यक्ष विनोद पासवान, पूर्व रेलवे जोनल वर्किंग अध्यक्ष जयंत विश्वास सहित अन्य ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके व दीप प्रज्वलित करके किया।वही अतिथियों का स्वागत बुके देकर व जय भीम का अंग वस्त्र देकर किया।वही मुख्यवक्ता ने कहा कि बाबा साहब हिंदू धर्म में जातिगत भेदभाव से निराश होकर,14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म अपना लिया।हिन्दू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति और तलाक का अधिकार दिलाने का प्रयास किया था। बाबा साहब ने शिक्षित बनो,संगठित रहो,संघर्ष करो और भाग्य में नहीं, अपनी शक्ति में विश्वास रखो का नारा दिया था।जिसे देश भर के दलित एससी एसटी के लोग अपने जेहन में उतारे ओर अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर उच्च शिक्षा दे।वही सभी वक्ताओं ने अपना अपना वक्तव्य रखा ओर बाबा साहब के आदर्शो पर चलने की शपथ ली।स्काउट गाइड के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन अध्यक्ष अमिनाश कुमार,सचिव प्रेम शंकर पासवान सहित दर्जनों रेलवे कर्मी व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बाबू वीर कुंअर सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे : सुनील



संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में बाबू वीर कुंअर सिंह की जयंती मनाई गई।जयंती समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी ने वीर कुंअर सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए सुनील पंडित ने बताया कि बाबू वीर कुंअर सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे।1857 की क्रांति में उन्होंने 80 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के खिलाफ अद्भुत साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।बिहार के जगदीशपुर से उन्होंने आजादी के अलख जगाई और अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे।उनका जीवन त्याग, वीरता और देशभक्ति का अमर प्रतीक है।आचार्य अमित कुमार ने बताया कि कुंवर सिंह का परिवार राजाविक्रमादित्य और राजा भोज का वंशज माना जाता है।उन्होंने अपने व्यक्तिगत हितों को त्याग कर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कुंवर सिंह को ₹बिहार केसरी₹ के नाम से जाना जाता है।कक्षा पंचम की बहन अंबिका,बहन दीपिका,बहन कृतिका,कक्षा षष्ठ की बहन सृष्टि,बहन अनुष्का,बहन अनोखी,कक्षा सप्तम की बहन तुलसी,कक्षा अष्टम की बहन खुशबू एवं भैया अमन ने वीर कुंअर सिंह के बारे में अपनी बातों को रखा।जयंती समारोह में विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया/बहन उपस्थित थे।

## केवाल आंगनबाड़ी केंद्र आरोग्य शिविर में 110 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**बरही :** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बरही के केवाल आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 110 लोगों की स्वास्थ्य जांच हुई। सभी लोगों का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन और बलगम की जांच की गई। शिविर में 100 लोगों का एक्स रे परीक्षण किया गया। 16 लोगों का बलगम जांच के लिए सैंपल लिया गया। केवाल आंगनबाड़ी केंद्र स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण डीटीओ डॉ आर के जायसवाल और बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। केवाल आंगनबाड़ी केंद्र स्वास्थ्य शिविर में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियो ने सहयोग किया।

## बरही पुलिस ने पांच फरार अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपकाया

**बरही :** बरही थाना पुलिस ने बरही थाना में दर्ज मामले के पांच फरार अभियुक्तों के घर न्यायालय ने हाजिर होने के लिए इश्तेहार चिपकाया। फरार अभियुक्त रजनीश कुमार बरही थाना क्षेत्र के डुमरडीह गांव का रहने वाला है। दूसरा वारंटी बरही उजैना के रहने वाली महिला हैं जिसके घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। तीसरा वारंटी गौरियाकरमा के रहने वाला आनंद कुमार चौधरी है जिसके घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। चौथा वारंटी गौरियाकरमा के ही रहने वाला संजय कुमार स्वर्णकार है और पांचवां वारंटी बरही के उजैना गांव के रहने वाला राजू राणा है जिसके घर पर न्यायालय में हाजिर होने के लिए इश्तेहार चिपकाया गया।

## फरार अभियुक्तों के घर और पंचायत भवन में पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

संवाददाता

**बरही :** बरही थाना में दर्ज मामले के फरार अभियुक्तों के घर पर और पंचायत भवन में बरही थाना पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। बरही थाना क्षेत्र के लेंगुरा बसरिया के रहने वाले प्रमोद कुमार न्यायालय से वारंट निर्गत होने के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। इस कारण से घर पर न्यायालय में हाजिर होने का इश्तेहार चिपकाया गया। वहीं बरही थाना क्षेत्र के दुलमाहा गांव के रहने वाले फरार अभियुक्त राजकुमार यादव के घर पर और पंचायत भवन में बरही थाना पुलिस ने न्यायालय में हाजिर होने के लिए इश्तेहार चिपकाया ।

# प्रखंडों में प्रत्येक माह एक हजार नए किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करें : प्रमोद एक्का

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला कृषि पदाधिकारी साहिबगंज की अध्यक्षता में आत्मा सभागार साहिबगंज में कृषि विभाग आत्मा द्वारा संचालित योजनाओंकार्यक्रमों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक की शुरूआत में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा धरती माता बचाओ अभियान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। जिससे खेती की लागत में कमी आएगी और बेहतर उत्पादन प्राप्त होगा। अभियान के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत अनुमंडल जिला स्तर पर निगरानी समितियों के गठन का निर्देश दिया गया।बैठक में आगामी खरीफ मौसम 2026 के लिए योजना के तहत दलहनी फसल बीज उत्पादन हेतु किसानों, कृषक समूहों, एफपीओ एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के चयन का निर्देश दिया गया। बीज प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु 33% अनुदान अधिकतम ₹25 लाख प्रदान



किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही, किसानों को आधार बीज उपलब्ध कराने व उत्पादित बीज पर प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान बताया गया।जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं जैसे खरीफ बीज वितरण बिरसा फसल विस्तार योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, मिलेट मिशन फसल सुरक्षा कार्यक्रम, प्रति बूंद अधिक फसल डिजिटल क्रॉप सर्वे किसान समृद्धि योजना, आत्मा व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई।बिरसा फसल विस्तार योजना के अंतर्गत बीज वितरण के लिए संकुल चयन करने तथा आदिम जनजाति एवं पहाड़िया समुदाय के किसानों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया।किसान क्रेडिट कार्ड अभियान 20 अप्रैल से 20 मई 2026 को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।मिलेट मिशन के तहत किसानों को मिलेट फसल की खेती हेतु प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। जिसके अंतर्गत ₹3000 प्रति एकड़ अधिकतम ₹15000 तक प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है।मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना के तहत मिट्टी नमूना संग्रह के लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया।जिले में अब तक 64,108 कृषकों का ब्लॉकचेन प्रणाली में निबंधन किया जा चुका है। सभी प्रखंडों को प्रत्येक माह न्यूनतम 1000 नए किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।किसान समृद्धि योजना के तहत चलंत सोलर इकाइयों के वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। अब तक 337 पंप सेटों के विरुद्ध 296 पंप सेटों का अधिष्ठापन किया जा चुका है।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला योजना व मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोगता, उप परियोजना निदेशक आत्मा श्री मंटू कुमार सहित सभी प्रखंडों के कृषि पदाधिकारी तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक एफपीओ प्रतिनिधि एवं विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

# सिर्फ एक्शन नहीं,अब होगा हाई-कॉन्सेप्ट धमाका, पर्दे पर पहली बार दिखेगा सनी देओल का ऐसा अवतार



**रितेश** सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस में से एक है। हाल ही में उन्होंने सनी देओल के साथ अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जिसे एआर. मुरुगादॉस भी प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म में ज्योतिका भी हैं, जो इस प्रोजेक्ट में उनके साथ एक अहम किरदार निभा रही हैं। ?सनी देओल इस प्रोजेक्ट को लीड कर रहे हैं, और बॉर्डर 2 की कामयाबी के बाद इस खबर ने पहले ही काफी सुर्खियां बटोर ली हैं। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र के अनुसार, सनी देओल एक बहुत बड़े और हाई-कॉन्सेप्ट प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं, जो बड़े पर्दे पर उनकी मौजूदगी को एक नई पहचान दे सकता है। हालांकि मेकर्स ने डिटेल्स को काफी छुपा कर रखा है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का इशारा है कि इसे बहुत बड़े स्केल पर बनाया जा रहा है और इसे पहले से ही एक मजबूत साथ मिल चुका है। इस फिल्म में उनके अब तक के सबसे प्रभावशाली और चर्चित प्रोजेक्ट्स में से एक बनने की पूरी काबिलियत है।

?इस खबर ने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है, क्योंकि उन्हें सनी देओल को एक नए अवतार में देखने का मौका मिलेगा। दूसरी ओर, चेन्नई के फिल्ममेकर बालाजी गणेश, जो लंबे समय तक ए.आर. मुरुगादॉस के को-डायरेक्टर रहे हैं, इस सस्पेंस थ्रिलर के साथ बतौर डायरेक्टर अपनी शुरूआत कर रहे हैं। उनके पास कहानी, निर्देशन और बड़े पैमाने के प्रोडक्शन का अच्छा अनुभव है। ?यह फिल्म एक्सेल एंटरटेनम्मेंट का प्रोडक्शन है, जिसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर और एआर. मुरुगादॉस ने प्रोड्यूस किया है, जबकि कासिम जगमगिया, विशाल रामचंद्रनी, आदित्य जोशी, सुनील जैन और यूसुफ शेख इसके को-प्रोड्यूसर हैं।

# 100 करोड़ कमाने के बाद अक्षय कुमार की नई तैयारी विद्या बालन संग जमेगी जोड़ी, शूटिंग के लिए रवाना



**अक्षय कुमार** इन दिनों अपनी हालिया फिल्म 'भूत बंगला' की सफलता को लेकर चर्चा में हैं। हॉरर-कॉमेडी की सफलता के बाद अब अक्षय अपनी अपकमिंग फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं।

'भूत बंगला' के बाद अक्षय कुमार, विद्या बालन के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में, अभिनेता ने एक पोस्ट के जरिए विद्या बालन के साथ अपनी जोड़ी को लकी बताया है। दोनों ने पहले तीन फिल्मों में काम किया था और अब दोनों चौथी फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं।

अक्षय कुमार-विद्या बालन की नई फिल्मः अक्षय कुमार ने एक वीडियो के जरिए अपनी नई फिल्म की अनाउंसमेंट की है। उन्होंने विद्या बालन के साथ एक वीडियो शेयर किया जिसमें दोनों फ्लाइट की ओर जाते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, अगला स्टॉपः भगवान का अपना देश, जादुई केरल। अनीस बज्मी की अगली फिल्म, हमेशा की तरह शानदार विद्या बालन के साथ मेरी चौथी फिल्म है और मुझे उम्मीद है कि हमारी जोड़ी का यह गुड लक चार्म आगे भी बना रहेगा।

अक्षय कुमार और विद्या बालन की आगामी फिल्म के ऐलान के बाद ही सोशल मीडिया पर फैंस अपनी एक्साइटमेंट जाहिर कर रहे हैं। लोगों ने अभी से फिल्म को ब्लॉकबस्टर बताना शुरू कर दिया है। मालूम हो कि विद्या और अक्षय ने साथ में तीन सुपरहिट फिल्मों 'भूल भुलैया', 'हे बेबी' और 'मिशन मंगल' में काम किया है।

**अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' का कलेक्शनः** अक्षय कुमार इन दिनों 'भूत बंगला' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। प्रियदर्शन निर्देशित हॉरर कॉमेडी ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 100 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। वहीं दुनियाभर में कमाई 135 करोड़ रुपये के पार है। फिल्म की रिलीज के मात्र एक हफ्ते बाद ही अक्षय ने अब अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है।



## सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के लिए ऐसा क्या कह दिया, फैंस हो गए दीवाने

**अभिनेत्री** सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह की तारीफ करते हुये कहा है कि कोई भी कभी उन्हें सह कलाकार के रूप में पीछे नहीं छोड़ पाएगा। धुरंधर की जबरदस्त सफलता के बाद, रणवीर सिंह ने भारतीय मनोरंजन उद्योग में अपनी मजबूत पकड़ को और भी पुख्ता कर लिया है। फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ रही है और दर्शकों से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया हासिल कर रही है। उनकी परफॉर्मेंस को इस साल की सबसे यादगार और प्रभावशाली प्रस्तुतियों में गिना जा रहा है।

स्क्रीन पर अपनी शानदार अदाकारी के अलावा, उनकी ऑफ-स्क्रीन शख्सियत भी लोगों का दिल जीत रही है। इस फिल्म में उनकी पत्नी यालिना जमाली का किरदार निभाने वाली सारा अर्जुन ने उनके साथ काम करने का अपना अनुभव खुलकर साझा किया। उन्होंने कहा कि कोई भी कभी रणवीर सिंह को को-एक्टर के रूप में पीछे नहीं छोड़ पाएगा। वह सच में मानते हैं कि यह सिर्फ उनकी फिल्म नहीं है, बल्कि सबकी फिल्म है। और वह सिर्फ कलाकारों के साथ ही नहीं, बल्कि तकनीशियनों, स्पॉट बॉयज और हर क्रू मेंबर के साथ भी उतनी ही गर्मजोशी और सम्मान से पेश आते हैं। वह कभी भी अपनी सीनियरिटी को श्रेष्ठता के रूप में नहीं दिखाते।

### है जवानी तो इश्क होना है

## का वॉव गाना रिलीज, वरुण धवन के बर्थडे पर फैंस को मिला बड़ा गिफ्ट



**बॉलीवुड** में पार्टी सॉन्ग्स का क्रेज हमेशा से रहा है और अब इसी कड़ी में फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का नया गाना वॉव रिलीज होते ही छा गया है । हाई-एनर्जी बीट्स और शानदार विजुअल्स से सजा यह ट्रैक आते ही लोगों की प्लेलिस्ट में जगह बना रहा है ।

वरुण, मृणाल और पूजा का दिखा धमाकेदार अंदाजः इस गाने में वरुण धवन का जबरदस्त डांस और स्क्रीन प्रेजेंस देखने को मिल रहा है। वहीं मृणाल ठाकुर की ग्रेस और पूजा हेगड़े का ग्लैमरस अंदाज गाने को और खास बना रहा है । तीनों सितारों की केमिस्ट्री और एनर्जी इस ट्रैक को एक परफेक्ट पार्टी नंबर बनाती है ।

संगीत और आवाज ने बढ़ाया जोश

: वॉव को हार्डी संधू और किरण बाजवा ने अपनी दमदार आवाज दी है. गाने का म्यूजिक तनिष्क बागची, रॉनी अजनाली और गिल मछराई ने मिलकर तैयार किया है । इसकी धुन काफी फ्रेश और कैची है, जो सुनते ही लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देती है ।




## आमिर खान और विक्की कौशल को मटका किंग देखने का बेसब्री से इंतजार

**मटका** किंग को लेकर इस समय जबरदस्त चर्चा है और हर कोई इस बहुप्रतीक्षित श्रृंखला को देखने के लिए उत्सुक नजर आ रहा है। 1960 के दशक के बंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी एक कपास व्यापारी के उदय को दिखाती है, जो एक साधारण विचार को पूरे शहर में फैलने वाली सनसनी में बदल देता है।

विक्की कौशल ने इसे अपनी अगली देखने वाली सूची में शामिल करते हुए कहा कि वह अपने पसंदीदा निर्देशक के इस प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं आमिर खान ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने इसके बारे में बहुत अच्छी बातें सुनी हैं और वह इसे जल्द ही देखेंगे। उन्होंने तो यहां तक कहा कि काश वह खुद इस कहानी के मुख्य किरदार को निभा पाते। इसी बीच करण जौहर, जो यह श्रृंखला देख चुके हैं, इसे परफेक्ट बिंज बताते हुए इसे एक ऐसी श्रृंखला कहा जिसे बिल्कुल मिस नहीं किया जा सकता। इससे इस शो को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है।

इस श्रृंखला का निर्माण और लेखन अभय कोरणे ने किया है, जबकि नागराज पोपराव मंजुले ने इसे बनाया, लिखा और निर्देशित किया है। मुख्य भूमिकाओं में विजय वर्मा, कृतिका कामरा, सई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव, भूपेंद्र जडावत और गुलशन ग्रोवर नजर आते हैं। इनके साथ विनीत कुमार सिंह, भरत जाधव, गिरीश कुलकर्णी, जेमी लीवर, किशोर कदम, साइरस सहूकार, अर्पिता सेठिया, संभाजी तांगड़े, इश्तियाक खान, संजीव जोतांगिया और सिमरन अश्विनी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देते हैं।.

सिद्धार्थ रॉय कपूर, नागराज मंजुले, गर्गी कुलकर्णी, अश्विनी सिडवानी और आशीष आर्यन द्वारा निर्मित यह श्रृंखला रॉय कपूर फिल्म्स, आटपट और एसएमआर एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई गई है और अब यह भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर प्रसारित हो रही है।

# राजस्थान के नंद्रे बर्गर पर जुर्माना मैच फीस का 10 फीसदी कटेगा




**लखनऊः** आईपीएल के 32वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। इकाना स्टेडियम में लखनऊ के खिलाफ मैच में उनके व्यवहार पर मैच रेफरी ने 10 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया है। साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट प्वाइंट जोड़ा गया है। हालांकि किस खिलाड़ी के साथ गलत व्यवहार हुआ, इसका बीसीसीआई ने उल्लेख नहीं किया है। माना जा रहा है कि मिचेल मार्श को आउट किया, तब शायद उन्होंने मार्श को आउट करने के बाद कुछ बोला या इशारा किया। जिसे फील्ड अंपायरों ने गलत माना।

# चिन्नास्वामी में पाटीदार के सामने गिल, आज शाम 7:30 बजे से आरसीबी-गुजरात में होगी भिड़ंत




**एजेंसी/ बंगलुरु :** रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु और गुजरात टाइटंस की टीमें शुक्रवार को आईपीएल मैच में आमने-सामने होंगी, जहां दोनों का लक्ष्य बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना है। चिन्नास्वामी की थोड़ी धीमी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे, जिससे टीम को छह विकेट से हार मिली थी। यह आरसीबी की इस सीजन में दूसरी हार थी, जिससे वह शीर्ष चार में अपनी जगह मजबूत करने का मौका गंवा बैठी। रॉयल बैंगलुरु के पास आठ अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है। उसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद (8 अंक), दिल्ली कैपिटल्स और टाइटंस (6-6 अंक) हैं। मौजूदा चैंपियन आरसीबी को पता है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि अब उसे ज्यादातर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। वह अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा।

आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने फैंस को शानदार विदाई देना चाहेगा, लेकिन इसके लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और मुश्किल हालात में भी बड़ा स्कोर बनाने का तरीका ढूंढना होगा। वहीं, गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से परेशान है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से हार मिली थी। इससे उसके नेट रन रेट पर भी असर पड़ा है। कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर ने कुछ हद तक अच्छा खेल दिखाया है, लेकिन बी साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी अभी उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए हैं। गुजरात टाइटंस के पास प्रसिद्ध कृष्णा, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान जैसे अच्छे गेंदबाज हैं, लेकिन उन्हें बल्लेबाजों से पूरा सहयोग नहीं मिल रहा है।

# दिल्ली में 'हीटवेब' का रेड अलर्ट, 43 डिग्री तक जाएगा पारा, दमघोंटू हुई हवा

**नई दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली में आज सूरज के तेवर बेहद तल्ख रहने वाले हैं। सुबह से ही चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। आज दिल्ली के कई हिस्सों में लू चलने की गंभीर चेतावनी जारी की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली के मुख्य मौसम निगरानी केंद्र सफदरजंग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक यानी 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पलाम में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और यह दिन के शुरूआती समय में दिल्ली के सबसे गर्म इलाकों में से एक रहा। मध्य दिल्ली के अंतर्गत लोधी रोड में न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से थोड़ा अधिक था।



दिल्ली में लू चलने की संभावनाः हीटवेव का अलर्ट जारी, जानें आपके इलाके में कैसा रहेगा मौसम

दिल्ली में लू चलने की संभावनाः हीटवेव का अलर्ट जारी, जानें आपके इलाके में कैसा रहेगा मौसम

रिज केंद्र पर सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक 25.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जबकि दक्षिण दिल्ली के आयानगर में 23.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री अधिक था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में सुबह वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 210 दर्ज किया गया।

सीपीसीबी के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान के 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है और लू चलने की आशंका है।

## ट्रंप ने ईरान को फिर दी चेतावनी, कहा- समय निकलता जा रहा है, नाकेबंदी और भी बदतर हो जाएगी



**वॉशिंगटनः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि घड़ी की सुई टिक-टिक कर रही है और यह नाकेबंदी तब तक और भी बदतर होती जाएगी, जब तक कि कोई ऐसा समझौता नहीं हो जाता जो अमरीका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद हो। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, ह्लसमय उनके पक्ष में नहीं है। यह नाकेबंदी पूरी तरह से अभेद्य और मजबूत है और अब यहाँ से स्थिति और भी खराब होती जाएगी। कोई भी समझौता तभी किया जाएगा, जब वह अमेरिका, उसके सहयोगियों और बाकी दुनिया के लिए उचित और हितकारी होगा।

अमेरिकी मीडिया पर एक बार फिर निशाना साधते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स और सीएनएन जैसे मीडिया संस्थानों को लगता है, मैं ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बेचैन हूँ। उन्होंने कहा, कृपया यह जान लें कि इस पद पर रहते हुए शायद मैं अब तक का सबसे कम दबाव महसूस करने वाला व्यक्ति हूँ। मेरे पास दुनिया भर का समय है, लेकिन ईरान के पास नहीं। घड़ी की सुई टिक-टिक कर रही है। उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना समुद्र की रसातल में है, उनकी वायुसेना पूरी तरह से तबाह हो चुकी है, उनके विमान-रोधी और रडार हथियार नष्ट हो चुके हैं, और उनके नेता अब हमारे बीच नहीं रहे।

## ईरान ने रूस समेत कई अन्य देशों को होर्मुज स्ट्रेट के शुल्क में दी छूट




**संवाददाता**

**मॉस्कोः** ईरान ने रूस सहित कई देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए लगने वाले ट्रांज़िट शुल्क में छूट दी है। रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ईरान की संसद के प्रथम उपाध्यक्ष हामिद रजा हाजी बाबाई ने गुरुवार को बताया था कि ईरान को पहली बार होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के शुल्क से राजस्व प्राप्त हुआ है और यह राशि देश के केंद्रीय बैंक में जमा कर दी गयी है। वहीं, जलाली से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्कों में कोई छूट दी है, तो उन्होंने कहा, हमने फिलहाल कुछ देशों को छूट दी है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। हालांकि, हमारा विदेश मंत्रालय अभी उन छूटों को लागू करने की कोशिश कर रहा है, जो रूस जैसे मित्र देशों के लिए सोची गई हैं।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली लागत का हवाला देते हुए, शुल्क लगाने की योजना की घोषणा की थी। अब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को तब तक के लिए बंद कर दिया है, जब तक कि अमेरिका द्वारा लगाई गयी नौसैनिक नाकेबंदी पूरी तरह से हटा नहीं ली जाती।

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की आक्रामकता ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से अवरुद्ध कर दिया है। यह जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजारों तक तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलपीजी) की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, और इस अवरोध ने इस क्षेत्र में तेल के निर्यात और उत्पादन पर भी असर डाला है।

## 20 से ज्यादा बार किया सगी बेटी का रेप, हाईकोर्ट ने पलटी फांसी की सजा,अब तिल-तिल कर मरेगा दरिंदा



**नई दिल्लीः** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै खंडपीठ ने एक संवेदनशील और बहुचर्चित मामले में अहम फैसला सुनाते हुए नाबालिग बेटी के साथ बार-बार दुष्कर्म करने वाले दोषी की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अपराधी को उसके अपराधबोध के साथ जीवनभर जीने देना, मृत्युदंड से भी अधिक कठोर और प्रभावी सजा हो सकती है।

खंडपीठ में शामिल जस्टिस एन. आनंद वेंकटेश और जस्टिस के.के. रामकृष्णन ने सजा पर विस्तृत टिप्पणी करते हुए कहा कि फांसी एक अंतिम और तात्कालिक दंड है, जो अपराधी के जीवन के साथ-साथ उसके पश्चाताप और सुधार की संभावनाओं को भी समाप्त कर देता है। इसके विपरीत, आजीवन कारावास अपराधी को हर दिन अपने अपराध का सामना करने के लिए मजबूर करता है।

अदालत ने कहा, मृत्युदंड जहां एक किताब को हमेशा के लिए बंद कर देता है, वहीं उम्रकैद अपराधी को जीवनभर उसी किताब के हर पन्ने को पढ़ने और अपने कृत्य पर सोचने के लिए बाध्य करती है। कोर्ट ने यह भी माना कि दोषी पहले ही परिवार और समाज से पूरी तरह अलग-थलग हो चुका है, जो अपने आप में एक कठोर दंड जैसा है।


उम्रकैद भी रहेगी सख्त शर्तों के साथः हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि दोषी को दी गई उम्रकैद उसके प्राकृतिक जीवन के अंत तक लागू रहेगी। उसे किसी भी प्रकार की समयपूर्व रिहाई, छूट या माफी का लाभ नहीं मिलेगा और उसे जीवनभर जेल में ही रहना होगा।

**क्या था मामला? :** मामला उस समय सामने आया जब एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर अपनी 14 वर्षीय सगी बेटी का कई बार यौन शोषण किया। पीड़िता ने अदालत को बताया कि उसके साथ 20 से अधिक बार दुष्कर्म किया गया। घटना का खुलासा तब हुआ जब मां ने बेटी की शारीरिक स्थिति में बदलाव देखा और उसे डॉक्टर के पास ले गई।

मेडिकल जांच में सामने आया कि पीड़िता करीब पांच महीने की गर्भवती थी। कानूनी प्रक्रिया के बाद उसका सुरक्षित गर्भपात कराया गया। डीएनए जांच से यह पुष्टि हुई कि आरोपी ही भ्रूण का जैविक पिता था।

**निचली अदालत ने सुनाई थी फांसी :** इससे पहले पोक्सो कोर्ट ने 5 जनवरी 2026 को आरोपी को गंभीर प्रवेशन यौन हमले का दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। ट्रायल कोर्ट ने इसे पिता द्वारा किया गया भरोसे का घोर उल्लंघन बताते हुए कहा था कि ऐसा अपराध दुर्लभ से दुर्लभ श्रेणी में आता है।

**हाईकोर्ट ने क्यों बदली सजा? :** हाईकोर्ट ने सजा कम करने के पीछे कई महत्वपूर्ण आधार बताए। अदालत के अनुसार, यह अपराध अत्यंत गंभीर जरूर है, लेकिन इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में रखने के लिए आवश्यक अतिरिक्त क्रूरता के ठोस प्रमाण सामने नहीं आए। साथ ही, राज्य सरकार यह साबित करने में असफल रही कि आरोपी के सुधार की कोई संभावना नहीं है–जो मृत्युदंड देने के लिए एक आवश्यक शर्त मानी जाती है। कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि निचली अदालत का फैसला संभवतः मामले की भयावहता और भावनात्मक पहलुओं से प्रभावित था। हाईकोर्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए सजा को मृत्युदंड से घटाकर शेष जीवन के लिए कठोर आजीवन कारावास में बदल दिया है।




## बीकाजी के संस्थापक शिवरतन अग्रवाल का निधन खड़ा किया था 13,430 करोड़ का कारोबार


**चेन्नई :** देश की जानी-मानी नमकीन और स्नैक्स कंपनी बीकाजी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) शिवरतन अग्रवाल का चेन्नई में निधन हो गया। 74 वर्षीय अग्रवाल अपनी पत्नी के इलाज के सिलसिले में चेन्नई गए हुए थे, जहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्होंने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। इस दुखद खबर से कॉरपोरेट और उद्योग जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

**पत्नी की हार्ट सर्जरी के चलते चेन्नई के होटल में थे रुके** : प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवरतन अग्रवाल की पत्नी की हाल ही में चेन्नई में हार्ट बाईपास सर्जरी हुई थी। डॉक्टरों ने सर्जरी के बाद उन्हें कुछ समय आराम करने की सलाह दी थी। इसी वजह से शिवरतन अग्रवाल और उनका परिवार चेन्नई के ही एक होटल में ठहरा हुआ था। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे अचानक शिवरतन अग्रवाल की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिवार वाले उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

**1993 में बीकानेर से की थी बीकाजी ब्रांड की शुरूआतः** शिवरतन अग्रवाल ने साल 1993 में राजस्थान के बीकानेर से अपने इस कारोबारी सफर की शुरूआत की थी। उन्होंने अपने दूरदर्शी विजन और कड़ी मेहनत से बीकाजी ब्रांड की नींव रखी। एक छोटे से कारोबार के रूप में शुरू हुई यह कंपनी आज भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में एक बड़े फूड और स्नैक्स ब्रांड के रूप में अपनी खास पहचान बना चुकी है। उनके निधन को भारतीय उद्योग जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

**कंपनी का मार्केट कैप इतने करोड़ः** दो दशकों से अधिक समय में शिव रतन अग्रवाल ने बीकाजी को एक मजबूत और बड़ी स्नैक्स कंपनी में बदल दिया। आज कंपनी का मार्केट कैप करीब 13,430 करोड़ रुपये के आसपास है और इसकी पहचान भारत के साथ-साथ इंटरनेशनल मार्केट्स में भी बनी हुई है।

## वर्दी में रील बनाना पड़ा भारी, महिला एसएचओ निलंबित, 50 पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज



**पूर्णियाः** बिहार के पूर्णिया जिले में सोशल मीडिया पर वर्दी में अपनी रील पोस्ट करने के आरोप में एक महिला पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निदेशों के उल्लंघन के आरोप में की गई है।

**पिछले वर्ष भी चर्चा में रही थीं आजमीः** जिला पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार, महिला थाना की प्रभारी शबाना आजमी को पूर्णिया की पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत ने निलंबित किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आजमी अपने सोशल मीडिया खाते पर वर्दी में नियमित रूप से रील पोस्ट कर रही थीं, जो पुलिस मुख्यालय से जारी मानक संचालन प्रक्रिया का उल्लंघन है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी चेतावनी दी है कि जिले में इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आजमी पिछले वर्ष भी चर्चा में रही थीं, जब पूर्णिया में एक पुलिस चौकी की प्रभारी रहने के दौरान उन्होंने अपने एक बुजुर्ग रिश्तेदार को अपनी कुर्सी पर बैठने दिया था, जिसको लेकर उनकी आलोचना हुई थी।

**50 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेशः** दरअसल, बिहार पुलिस मुख्यालय ने वर्दी पहनकर सोशल मीडिया पर रील बनाकर पोस्ट करने वाले 50 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। इन सभी पर निलंबन के साथ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस मुख्यालय का सोशल मीडिया प्रकोष्ठ काफी समय से ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए था। मुख्यालय ने संबंधित जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को चिन्हित पुलिसकर्मियों की सूची भेज दी है तथा कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी है। बताया जा रहा है कि इन 50 पुलिसकर्मियों में 32 महिला और 18 पुरुष जवान शामिल हैं, जो राज्य के 20 जिलों में तैनात हैं। सूची में पटना जिला सबसे ऊपर है, जहां 16 पुलिसकर्मी कार्रवाई की जद में आएंगे। नालंदा और मधुबनी जिले में 4-4 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वर्दी की गरिमा बनाए रखना सभी कर्मियों की जिम्मेदारी है। नियमों का उल्लंघन कर सोशल मीडिया पर अनुशासनहीन गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# एआई के युग में तेजी से गायब हो रही आईटी नौकरियां मेटा और माइक्रोसॉफ्ट ने बनाया नई छंटनी का प्लान

**नई दिल्ली :** मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में भारी निवेश के कारण हजारों आईटी नौकरियों को कम करने की तैयारी कर रही हैं। यह जानकारी कई रिपोट्र्स में दी गई। मेटा ने अपने इटरनल मेमो में कर्मचारियों से कहा है कि कंपनी की योजना कुल वर्कफोर्स में से करीब 10 प्रतिशत या 8,000 नौकरियों में कटौती है, जो कि 20 मई से शुरू होगी। मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाली कंपनी ने अपने व्यापक पुनर्गठन अभियान के तहत लगभग 6,000 रिक्त पदों को न भरने का भी निर्णय लिया है।

दूसरी तरफ, माइक्रोसॉफ्ट ने भी अपने अमेरिकी कर्मचारियों के एक हिस्से को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव दिया है। रिपोट्र्स के अनुसार, अमेरिका में लगभग 7 प्रतिशत कर्मचारी इस




कार्यक्रम के लिए पात्र हैं, जिससे मौजूदा कर्मचारियों की संख्या के आधार पर लगभग 8,750 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

यह पुनर्गठन ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों कंपनियां डेटा सेंटर और संबंधित तकनीकों सहित एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ा रही हैं। इसके अलावा, माइक्रोसॉफ्ट अपने वैश्विक डेटा सेंटर नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, और हाल ही में जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे बाजारों में एआई से संबंधित निवेश की घोषणा की है।

इसी तरह, मेटा ने इस वर्ष रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय का अनुमान लगाया है और हाल के महीनों में एआई भागीदारों के साथ कई अरबों डॉलर के सौदे किए हैं। इसके अलावा, दोनों कंपनियों ने पिछले दो वर्षों में कई चरणों में कर्मचारियों की छंटनी की है, क्योंकि वे एआई में बढ़ते निवेश के साथ लागत संरचनाओं को समायोजित कर रही हैं।

मुख्य मानव संसाधन अधिकारी जेनेल गेल द्वारा जारी मेटा के इंटरनल मेमो में इस कदम को दक्षता उपायों और निवेश संतुलन से जोड़ा गया है। उनके हवाले से कहा गया, हम कंपनी को अधिक कुशलता से चलाने और अपने अन्य निवेशों की भरपाई करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत ऐसा कर रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट की मुख्य मानव संसाधन अधिकारी एमी कोलमैन ने कर्मचारियों को भेजे एक मेमो में कहा कि कंपनी बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप ढलने के लिए तेजी से कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा, इस गति को बनाए रखने के लिए हमें उत्कृष्ट कार्य करने, अपने प्रबंधकों पर भरोसा करने और उन्हें सशक्त बनाने, और सभी का समर्थन करने के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

मेटा और माइक्रोसॉफ्ट दोनों अप्रैल के अंत में अपनी तिमाही आय रिपोर्ट जारी करने वाले हैं। इस बीच, एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वैच्छिक शीघ्र सेवानिवृत्ति को प्रोत्साहित करने के अपने दीर्घकालिक प्रयास के तहत केपीएमजी अमेरिका में अपने ऑडिट पार्टनर पदों में लगभग 10 प्रतिशत की कटौती कर रहा है।

न्यूज IN ब्रीफ

## लोहरदगा उपायुक्त संदीप मीणा मुख्यमंत्री से मिले



**बिनय मिश्रा/** लोहरदगा के नव पदस्थापित उपायुक्त संदीप मीणा आज कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और लोहरदगा जिला के विकास के बेहतर गति और कार्यों की जानकारी भी दी मुख्यमंत्री ने भी नव पदास्थापित उपायुक्त श्री मीणा को जिला में बेहतर विकास कार्यों से जिला को बेहतर बनाने और कार्यों को सकारात्मक रूप से धरातल पर उतारने के लिए उपायुक्त की सराहना भी की गौर तलब हो कि श्री मीणा भारतीय प्रशासनिक सेवा के बेहतर और कुशल तथा उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले अधिकारी हैं इससे पूर्व में कोडरमा के अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिम सिंहभूम जिला के लोकप्रिय उप विकास आयुक्त भी रह चुके हैं इनके बेहतर विकास कार्यों के फल स्वरुप पश्चिम सिंहभूम जिला में काफी बेहतर और सर्वांगीण विकास कार्य भी हुए ऐसे आईएएस अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग और जिला तथा राज्य गौरवान्वित होते हैं

## हुसैनाबाद में नए एसडीपीओ ने संभाला पदभार



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल के नवपदस्थापित एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला ने बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में अपना योगदान दिया। पदभार ग्रहण करते ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं।कार्यालय पहुँचने पर पुलिस कर्मियों ने उनका स्वागत किया।योगदान के बाद उन्होंने भौगोलिक स्थिति और सुरक्षा चुनौतियों की जानकारी ली।पत्रकारों से बातचीत में एसडीपीओ ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर नकेल कसना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच दूरी कम की जाएगी, ताकि लोग बेखौफ अपनी समस्याएं रख सकें। एसडीपीओ ने आम लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की और भरोसा दिलाया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होगी।

## पलामू में जल्द फल मंडी एक जगह होगा : अरुणा शंकर



मेदिनीनगर : नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर छह मुहान से सेट पुलिस क्लब केंपस जो निगम के अधीन है को देखने पहुंची और उस कैंपस को तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया । महापौर ने कहा शहर में कई मुख्य मार्ग में फल के ठेले अप्रत्याशित रूप से बिना अनुमति के लगाए जा रहे जिसे शहर का यातायात बाधित हो रहा उसी यातायात को सुलभ बनाने के लिए 1 मई से कचहरी चौक से सर्किट हाउस तक, सादिक मंजिल चौक से छमुहांन तक, एवं बाजार क्षेत्र में फैले सभी फल के ठेलो को पुलिस क्लब जो शहर का हृदय स्थल है वहां एक जगह सभी ठेलो को लगाने की अनुमति दी जाएगी । महापौर ने यह भी बताया 1 मई से मुख्य ठेला वर्जित मार्ग जहां भी ठेला अनाधिकृत रूप से खड़ा पाया जाएगा उससे ₹500 प्रति दिन जुमार्ना वसूला जाएगा । महापौर ने कहा ऐसा करने से जहां यातायात सुलभ होगा वही फल के शौकीन लोग एक स्थान पर फल खरीद सकेंगे । महापौर ने कहा जल्द चैनपुर शाहपुर का बाजार भी शुव्यवस्थित किया जाएगा, मुख्य मार्ग से ठेला खुमचा हटेगा और चौपाल लगाकर सर्वसम्मति से मै स्थान तय करूंगी।

## जीएसटी पंजीकरण सह जागरूकता शिविर आयोजित

**दुमका :** झारखंड सरकार के उद्योग विभाग एवं जे आई आई डीसी ओ के संयुक्त तत्वावधान में आर ए एम पी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला उद्योग केंद्र, दुमका में एक दिवसीय वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी निबंधन सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा उद्यमियों को जीएसटी रिटर्न फाइलिंग, कोड एवं थ्रेशहोल्ड लिमिट से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उद्यमियों को बताया गया कि समय पर जीएसटी रिटर्न भरना एवं नियमों का पालन करना व्यवसाय की विश्वसनीयता एवं विकास के लिए आवश्यक है। शिविर में विशेष रूप से सूक्ष्म एवं महिला उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता एवं औपचारिक अर्थव्यवस्था से जुड़ने के लाभों की जानकारी दी गई। जीएसटी पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी के माध्यम से उद्यमियों को एक वैध पहचान मिलती है, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकते हैं। साथ ही कंपोजिशन एवं रेगुलर स्कीम के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर 46 उद्यमी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित उद्यमियों से अपील की गई कि वे जीएसटी पंजीकरण कर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं एवं अपने व्यवसाय को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाएं।

# संवेदनशीलता की मिसालः उपायुक्त ने बीमार बछड़े को दिलाया नया जीवन



**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जहां एक ओर प्रशासनिक व्यस्तताओं के बीच अक्सर मानवीय संवेदनाएं पीछे छूट जाती हैं,वहीं पलामू के नये उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने अपने पशु प्रेम और संवेदनशीलता से एक अनूठी मिसाल पेश की है।मामला उस वक्त सामने आया जब एक जागरूक नागरिक ने व्हाट्सएप के माध्यम से उपायुक्त को एक तस्वीर भेजकर जानकारी दी कि एक गाय का बछड़ा सड़क किनारे बीमार अवस्था में पड़ा हुआ है। तस्वीर में बछड़े की हालत काफी दयनीय प्रतीत हो रही थी, जिससे उसके जीवन पर खतरा मंडरा रहा था।सूचना मिलते ही उपायुक्त श्री शेखावत ने बिना देर किए पूरे मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तुरंत एनडीसी (नजारत उप समाहर्ता) को निर्देश दिया कि बछड़े को ट्रैक कर उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उपायुक्त के निर्देश पर प्रशासन हरकत में आया। शहर थाना एवं छतरपुर थाना प्रभारी के सहयोग से बछड़े की तलाश की गई और उसे सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर लिया गया। इसके बाद बछड़े को बेहतर देखभाल और उपचार के लिए जपला स्थित अर्जुन यादव की गौशाला को सुपुर्द कर दिया गया। इस मानवीय पहल ने यह साबित कर दिया कि उपायुक्त न केवल प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, बल्कि जीव-जंतुओं के प्रति भी गहरी संवेदनशीलता और करुणा रखते हैं।

उपायुक्त की अपीलः

उपायुक्त ने इस मौके पर आमजनों से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में पशु-पक्षियों को भी हमारी सहायता की जरूरत होती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अपने घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों के आसपास पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करें तथा संभव हो तो छायादार स्थान उपलब्ध कराएं।

## सीओ के द्वारा फर्जी रैयत बनाकर हिस्सेदारी का दावा करने वाला का केस खारिज किया

**संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा प्रखंड के कुडलौंगा-बरकुटे गांव में अजीबोगरीब मामला आया है। जमीन के मालिकाना व हिस्सेदारी को लेकर बरकुटे के निवासी वादी महेन्द्र साव वगैरह के द्वारा गुमला निवासी घासी साव व रामधन साव के वंशज को मुंशी साव को कुडलौंगा को फजी रैयत बनाकर विश्वनाथ साव वगैरह के वंशावली मे समायोजित करते हुए इनके विरुद्ध चतरा कोर्ट सब जज के यहां टाइटल सूट दायर किया। जिसमें गूमला निवासी मुंशी साव पिता घासी साव को कुडलौंगा के रैयत मुंशी साव पिता रामेश्वर साव पिता रामधन साव बनाकर साथ ही तत्कालीन संबंधित राजस्व कर्मचारी व अंचलाधिकारी टंडवा के निर्मल टोप्पो से मिलीभगत करके अंचल कार्यालय में मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ तथा कूट रचित तैयार दस्तावेज के सहारे जमीन पर कानूनन दावा करने के लिए सब जज कोर्ट चतरा में वाद दायर किया गया था जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। वहीं डिस्ट्रिक्ट जज,चतरा के यहां भी अपील (अपील सं - 08/2015) किया गया जिसे पुनः खारिज किया गया।

विश्वनाथ साव वगैरह की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता निर्मल दांगी ने बताया कि वादी एवं प्रतिवादी अलग-अलग परिवार से हैं। वहीं प्रतिवादी के द्वारा सन् 1918 में ही झरी साव व रामसहाय साव पिता झोटा महतो के बीच में बांटवारा कागजात प्रस्तुत किया गया। इसके अलावे अधिवक्ता ने बताया कि प्रतिवादी के पिता बढन साव एवं दादा रामसहाय साव के द्वारा 1941 में उपायुक्त कोर्ट हजारीबाग में उपस्थित हुआ तथा हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम -1956 की धारा 08 के तहत रामसहाय साव के नाम से जमाबंदी कायम जारी रखते हुए लगान निर्धारण किया गया जिसमें वादी का कोई भी पूर्वज का उल्लेख नहीं है।

जबकि वादी ने बांटवारा कागजात सन् 1946 में कुडलौंगा के खाता सं-50 व 12,बरकुटे के खाता सं 08,कोयद के खाता सं 102, सोपारम के खाता सं 98 को प्रतिवादी के दादा के साथ बांटवारा हुआ जिसे न्यायालय ने फोर्ज व फैब्रिकेटेड बताया ।

उल्लेखनीय है कि संबंधित राजस्व कर्मचारी व अंचलाधिकारी निर्मल टोप्पो के द्वारा कुडलौंगा में लगभग 40 एकड़ सहित सीसीएल के मगध परियोजना क्षेत्र में कुल 222 एकड़ भूमि फर्जी बंदोबस्ती किया गया था जिसके कारण राजस्व कर्मचारी निलंबित भी हुये थे उसे तत्कालीन चतरा उपायुक्त अमित कुमार के द्वारा 222 एकड़ भूमि अवैध जमाबंदी को निरस्त किया है जो तत्कालीन अंचलाधिकारी के द्वारा फर्जी दस्तावेज के आधार पर अवैध जमाबंदी किया गया था। वहीं उक्त निर्मल टोप्पो जब चास अंचलाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे वहां भी वन भूमि को जमीन माफियाओं के नाम से अवैध जमाबंदी कर दिया था इस काले कारतूत के वजह से विभागीय कार्रवाई पश्चात वर्तमान में निर्मल टोप्पो बर्खास्त है तथा भूमिगत हैं।

## 26 अप्रैल को आयोजित होगी झारखंड पात्रता परीक्षा

संवाददाता

देवघर : जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी शशि प्रकाश सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड पात्रता परीक्षा-2024 दिनांक-26.04.2026 (रविवार) के सफल एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन हेतु कुल-32 (बत्तीस) परीक्षा केन्द्रों पर (प्रथम पाली-पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 01:00 बजे तक) में संचालित की जा रही है। देवघर अनुमंडल अन्तर्गत झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड पात्रता परीक्षा-2024 (वि० संख्या-08/2025) के लिए कुल-32 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

इसके अलावा उक्त अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने एवं परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमंडल दण्डाधिकारी, देवघर झारखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए देवघर अनुमण्डल अंतर्गत नीचे लिखे परीक्षा केन्द्रों पर 500 गज की परिधि के अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 (द०प्र०सं० की धारा 144) के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश देता हूँ। उक्त पारित आदेश के अंतर्गत 05 या 05 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित नहीं रहेंगे। कोई भी व्यक्ति घातक हथियार एवं अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे। परीक्षा केन्द्र के परिधि में अनावश्यक रूप से कोई भी व्यक्ति नहीं घुमेंगे और न ही अनाधिकृत रूप से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेगें, उनका प्रवेश पुरी तरह से वर्जित रहेगा। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति/व्यक्तियों को परीक्षा केन्द्र के परिधि में इलेक्ट्रोनिक्स डिभाईस जैसेः-मोबाईल फोन, कैमरा, स्मार्ट वॉच आदि को प्रयोग में नहीं लायेगें, जिससे कि परीक्षा के संचालन में कोई व्यवधान उत्पन्न हो। निषेधाज्ञा के अवधि में परीक्षा केन्द्र के आस-पास यदि कोई सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होता है, तो ऐसी परिस्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा अथवा इसके प्रयोग के लिए अधोहस्ताक्षरी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। परीक्षा केन्द्र के आस-पास के भवनों में यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि में लिप्त रहने अथवा किसी को लाभ पहुँचाने की स्थिति में पाये जाने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी। उक्त आदेश दिनांक-26.04.2026 के प्रातः 06:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। उक्त पारित आदेश का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शव यात्रा, अस्पताल, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थी एवं परीक्षा केन्द्र में कार्यरत कर्मियां/पदाधिकारियों/दण्डाधिकारियों पर यह आदेश प्रभावी नहीं रहेगा।

## बानो की शिवांगी ने 99.60 प्रतिशत अंक लाकर स्टेट टॉपर बनी

**संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा घोषित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के परिणामों में सिमडेगा जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम 92.29 प्रतिशत रहा, जो पिछले सत्र 2024-25 के 88.43 प्रतिशत की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि को दशार्ता है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित प्रयास और अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है।

जिले में कुल 7460 परीक्षार्थियों में से 6885 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जो शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार का संकेत है। इस वर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि सिमडेगा ने राज्य स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई।



एस.एस. +2 उच्च विद्यालय, बानो की छात्रा शिवांगी कुमारी ने 99.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर झारखंड स्टेट टॉपर में प्रथम स्थान हासिल किया। शिवांगी, बानो प्रखंड के बर्सलोया गांव निवासी रामकिशोर साहु की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता ने न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है।

उपायुक्त सिमडेगा, श्रीमती कंचन सिंह (भा॰प्र॰से॰) ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों और अभिभावकों के समर्पण के बिना संभव नहीं थी। साथ ही उन्होंने उन विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया, जो इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं ला सके, कि वे निराश न हों और निरंतर प्रयास करते रहें।

जिला प्रशासन ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। यह परिणाम सिमडेगा के शैक्षणिक प्रगति की सशक्त झलक प्रस्तुत करता है।

## स्कूल वैन में लगेंगे सीसीटीवी और जीपीएस, बढ़ सकता है किराया

**धनबाद :** अभिभावक स्कूल वैन के किराए में बढ़ोतरी के लिए तैयार हो जाएं। वैन एसोसिएशन और चालकों ने इस पर मंथन शुरू कर दिया है। जिले के विभिन्न पब्लिक स्कूलों में चलने वाली वैन और अन्य वाहनों में जीपीएस सिस्टम व सीसीटीवी कैमरा लगाने समेत सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने वैन चालकों के साथ बैठक कर इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। वैन संचालकों ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इन नियमों के अनुपालन पर सहमति जताई है। हालांकि, सीसीटीवी और जीपीएस लगाने पर होने वाले खर्च को लेकर संचालक परेशान हैं। एसोसिएशन ने इन उपकरणों को लगवाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय से समय की मांग की है। वैन चालकों का कहना है कि सुरक्षा उपकरणों पर होने वाला खर्च अंततः अभिभावकों को ही वहन करना होगा। बिना उनके सहयोग के यह संभव नहीं है। संचालक जल्द ही अभिभावक संघ के प्रतिनिधियों से मिलकर अपनी बात रखेंगे। वैन एसोसिएशन से जुड़े लोगों का कहना है कि कोरोना काल के बाद से किराया नहीं बढ़ा है, जबकि अब नई व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं।डीसी से मिलेगा प्रतिनिधिमंडलएसोसिएशन ने शनिवार को जिला उपायुक्त (डीसी) से मिलकर अपनी समस्याओं को रखने का निर्णय लिया है।

## सिविल सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि देश सेवा का एक सर्वोत्तम माध्यम है : दुर्गेश नंदन

**संवाददाता**

**दुमका :** एस. पी. कॉलेज परिसर में गुरुवार को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने हेतु एक विशेष प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिल्ली स्थित कल्पवृक्ष आईएएस कोचिंग सेंटर के निदेशक श्री दुर्गेश नंदन थे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक विचारों और अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को सिविल सेवा की तैयारी के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकों एवं मुख्य अतिथि ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इसके पश्चात कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। स्वागत भाषण में उन्होंने श्री नंदन के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभवों की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। अपने संबोधन में श्री दुर्गेश नंदन ने विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि देश सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प, नियमित अध्ययन और सही दिशा में प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण तथा निरंतर अभ्यास के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, केवल उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधनों की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाया कि यदि वे पूरे समर्पण और मेहनत के साथ तैयारी करें, तो वे निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। श्री नंदन ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को एनसीईआरटी पुस्तकों से अपनी



बुनियाद मजबूत करनी चाहिए, साथ ही समसामयिक घटनाओं की नियमित जानकारी रखना आवश्यक है। उन्होंने अखबार पढ़ने की आदत विकसित करने और नोट्स बनाने की तकनीक पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर लेखन का अभ्यास परीक्षा में सफलता की कुंजी है, इसलिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से लिखने का अभ्यास करना चाहिए।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका श्री नंदन ने सरल एवं प्रभावी ढंग से उत्तर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ के पी यादव ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि श्री दुर्गेश नंदन जैसे अनुभवी व्यक्तित्व का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए एक अमूल्य अवसर है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों को निरंतर प्रेरणा मिलती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश सहाय द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के भीतर एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ संजीव कुमार, डॉ रविशंकर कुमार, डॉ के बी टोप्पो, डॉ हिमांशु डूंगडूँग, डॉ बसंती हांसदा, डॉ लीना मुर्मू, डॉ इंद्रजीत कुमार, प्रो. पुष्पा सोरेन, डॉ बिनीता रानी टोप्पो, डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ चंद्रशेखर रजक, डॉ त्रिजा जेनिफर टोप्पो, डॉ मनीषा कच्छप उपस्थित हुए। समापन के पश्चात विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया और कई विद्यार्थियों ने सिविल सेवा की तैयारी के प्रति अपनी रुचि व्यक्त की। इस कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों को प्रेरित किया, बल्कि उन्हें अपने लक्ष्य की दिशा में एक स्पष्ट मार्ग भी प्रदान किया। कॉलेज कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमार सौरभ ने कहा कि एस. पी. कॉलेज में आयोजित यह प्रेरणादायक व्याख्यान कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ, जिसने विद्यार्थियों के मन में एक नई उम्मीद और संकल्प का संचार किया।